उज्जैन
बुधवार
04
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-93
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



माधुरी दीक्षित ने पहनी 1.4 लाख की हरी साड़ी दिखाया रॉयल लुक फैन्स हुए कायल

पेज- 8

## मोहन भागवत इंदौर पहुंचे, खरगोन के लिए हुए रवाना

**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत बुधवार सुबह इंदौर पहुंचे। एयरपोर्ट से वे सीधे कसरावद (खरगोन) के लिए रवाना हुए। वहां वे नर्मदालय आश्रम, लेपा पुनर्वास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और सेवा कार्यों से जुड़े लोगों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री रामकृष्ण विश्व सद्भावना निकेतन एवं नर्मदालय परिवार द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. भागवत मनुष्य निर्माण से राष्ट्र निर्माण विषय पर अपना विचारपूर्ण संबोधन देंगे। कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें सामाजिक सेवा, पुनर्वास और समाज निर्माण से जुड़े कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी।



## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों में मुठभेड़

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। जैश-ए-मोहम्मद के एक आंतकि को गोली लगी। दो आतंकवादी गुफा में छिपे है। सेना की व्हाइट नाइट कोर के तहत सीआईएफ डेल्टा, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बसंतगढ़ इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। पीटीआई के मुताबिक, रामनगर के जाफर जंगल इलाके में छिपे आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी। करीब एक घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान एक आतंकी को गोली लगी, लेकिन वह अपने साथी के साथ गुफा के अंदर चला गया।

## भारत अमेरिका ट्रेड डील, यह देश के लिए सबसे अच्छा सौदा

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच सोमवार रात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोन वार्ता के बाद हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक हलचल पैदा कर दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को इस डील का स्वागत करते हुए इसे देश के लिए सभी पड़ोसी और प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे अच्छा सौदा बताया। गोयल ने कहा कि यह समझौता किसानों, मछुआरों, माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज, युवा उद्यमियों और कुशल कर्मचारियों के लिए अपार अवसर खोलेगा।



## सरकार का होली से पहले बड़ा तोहफा, साल में मिलेंगे 2 मुफ्त सिलेंडर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकार ने होली के त्योहार से ठीक पहले जनता को बड़ी खुशखबरी दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक अहम फैसला लेते हुए सरकार ने मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत अब पात्र परिवारों को साल में दो सिलेंडर एक होली पर और एक दीपावली पर सरकार की ओर से बिल्कुल मुफ्त दिए जाएंगे। यह कदम हालिया विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी द्वारा किए गए प्रमुख वादों में से एक को पूरा करने की दिशा में उठाया गया है, जिससे महंगाई के दौर में आम जनता को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस योजना का खाका तैयार करते हुए सरकार ने स्पष्ट किया है कि इसका लाभ विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडबलूएस) और राशन कार्ड धारक परिवारों की महिलाओं को मिलेगा।

### सिंहस्थ पूर्व दताना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा आकार लेगा

# बड़े विमान उतर सकेंगे उज्जैन की धरा पर

## उज्जैन के हवाई अड्डे का रनवे अंतर्राष्ट्रीय मापदंड अनुसार 4 किलोमीटर का रहेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ पूर्व उज्जैन के दताना स्थित वर्तमान हवाई पट्टी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे का आकार ले सकती है। यहां 4 किलोमीटर लंबा रनवे बनाने का प्रस्ताव है जिस परक बोईंग सी-20 जैसे विमान भी उतर सकेंगे। बकौल कलेक्टर रोशनकुमारसिंह हमारी और से एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को इसका प्रस्ताव गया है। इसके लिए करीब 400 एकड भूमि का अधिगृहण किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय मापदंड अनुसार एयरपोर्ट का रनवे 4 किलोमीटर का रहेगा।

एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को भेजे गए प्रशासनिक स्तर के प्रस्ताव ने अगर आकार लिया तो सिंहस्थ से पूर्व उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा आकार लेगा और यहां बडे



विमान भी उतर सकेंगे। पूर्व में यहां दताना-मताना हवाई पट्टी को एटीआर-72 जैसे छोटे विमानों के संचालन के अनुरूप विकसित किया जा रहा था, लेकिन जिला प्रशासन ने इसे और व्यापक रूप देते हुए शासन को संशोधित प्रस्ताव भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही उज्जैन में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा।

**उज्जैन एयरपोर्ट परियोजना**
स्थान : दताना-मताना, उज्जैन-देवास मार्ग
जमीन अधिग्रहण: करीब 400 एकड़
रनवे लंबाई : 3600 से 4000मीटर

### सिंहस्थ के लिए होगी बड़ी सौगात

सिंहस्थ-2028 में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रशासन इस और तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसके चलते उज्जैन-देवास मार्ग पर स्थित दताना-मताना क्षेत्र में प्रस्तावित एयरपोर्ट को लेकर सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के बीच 1 नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एमओयू साइन किया गया था। इस समझौते के तहत 45 करोड की प्रारंभिक राशि एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को दी जा चुकी है। इसके बाद तकनीकी प्रक्रिया शुरू हुई और मिट्टी परीक्षण भी कराया गया। शुरूआती योजना के अनुसार रनवे 1800 मीटर का होना था, लेकिन अब इसे दोगुना कर करीब 4000 मीटर करने का प्रस्ताव है, ताकि बोइंग सी-20 जैसे बड़े विमानों का संचालन संभव हो सके। इसके बनने से उज्जैन की इंदौर पर निर्भरता खत्म होगी और पर्यटन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

### एआईआई जीएम बोले अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा ही देंगे

उज्जैन के दताना मताना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर भारतीय विमान प्राधिकरण नईदिल्ली के जनरल मैनेजर कारपोरेट कम्यूनिकेशन संदीप झा से संपर्क किया गया। श्री झा ने कहा कि एयरपोर्ट वैसा ही बनेगा जैसा बनना था। अभी राज्य सरकार से हमें स्वीकृति एवं लैंड मिलना है उस पर हम बात करेंगे। राज्य सरकार को आगे बढ़कर पहल करना होगी। इस पर केंद्र सरकार पैसा लगाकर वहां पर एयरपोर्ट बनाएगी। वर्ष 2047 तक देश में 400 एयरपोर्ट बनाए जाना हैं वर्तमान में देश में 164 एयरपोर्ट हैं। हाल ही में हमने कुछ एयरपोर्ट के शुभारंभ किए हैं। आगामी समय में अब हम आपको अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे ही देंगे। उज्जैन हमारे पर्यटना का बड़ा केंद्र है। वहां महाकालजी के मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

### विक्रम उद्योगपुरी को मिलेगा आधार

दताना-मताना हवाई पट्टी को अगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का स्वरूप मिलता है तो ऐसे में विक्रम उद्योगपुरी क्षेत्र और अधिक विकसित होगा और देवासरोड पर विकास की भागीरथी बह निकलने की प्रबल स्थिति बन जाएगी। उद्योगपुरी में बडे औद्योगिक मालिकों एवं अधिकारियों के आवागमन के लिए यह सुविधाजनक तो होगा ही साथ ही भारवाहक विमानों के उतरने में भी आसानी होगी और औद्योगिक क्षेत्र में मशीनों को लाना ले जाने में भी सुविधा हो सकेगी। इसके साथ मालवाहक की भी सहुलियत मिलना आसान होगा।

### नीमच की कंचन बाई कलयुग की दाधीच बनी

## आंगनबाड़ी के बच्चों को मधुमक्खियों से बचाने के लिए दे दी अपनी जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

आंगनबाड़ी केंद्र पर मधुमक्खियों ने हमला किया तो स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ने अपनी जान पर खेलकर मासूम बच्चों को बचा लिया। इस तरह नीमच जिले की कंचन बाई मेघवाल इंसानियत के प्रति कर्त्तव्य और इसके लिए समर्पण व साहस का उदाहरण बन गई ।

देर से सामने आये घटनाक्रम अनुसार नीमच के पास सोमवार को सुबह आंगनबाड़ी केंद्र पर कई बच्चे मौजूद थे। केंद्र की सहायिका बाकी बच्चों को लेने गई हुई थी। इसी बीच बच्चों पर बाहर से झुंड के रूप में आईं मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। पास में ही स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष 45 वर्षीय कंचन बाई मेघवाल का घर है। उन्होंने आनन-फानन में सारे बच्चों पर दरी और कंबल से घेरा बनाकर उन्हें सुरक्षित वहां से निकालकर दूर पहुंचाया। बच्चों को बचाकर वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस बीच आसपास के ग्रामीण भी एकत्र हो गए। डायल 112 को बुलाकर घायल कंचन बाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## मोबाइल गेम की लत में 3 बहनें 9वीं मंजिल से कूदीं

### उम्र 12-14-16 साल, सुसाइड नोट में लिखा- सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पा रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गाजियाबाद

गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार रात 2 बजे तीनों बहनें हाथ पकड़कर बालकनी से कूद गईं। गिरने की आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

तीनों बहनों की उम्र 12 से 16 साल के बीच है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा है कि तीनों बहनों को टास्क-बेस्ड कोरियन लव गेम की लत थी। पिता ने उन्हें गेम खेलने से मना किया और फटकार लगाई। इसके चलते तीनों बहनों ने यह कदम उठाया।



घटना भारत सिटी बी-1 टॉवर के फ्लैट नंबर 907 की है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड आर्डर आलोक प्रियदर्शी ने बताया- पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। अभी तक की जांच में आया है कि तीनों ने सुसाइड किया है। तीनों एक साथ ही रहती थीं। मोबाइल से गेम खेलती थीं। किन परिस्थितियों में सुसाइड किया, इसकी जांच की जा रही हैं।

सुसाइड नोट में लिखा- गेम नहीं छोड़ पा रही हूं। तीनों बहनें जिस रूम में सोती थीं, वहां डायरी में सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा- मम्मी पापा सॉरी...गेम नहीं छोड़ पा रही हूं। अब आपको यह एहसास होगा कि हम इस गेम से कितना प्यार करते थे, जिस गेम को आप छुड़वाना चाहते थे। पिता चेतन ने बताया- 8 से 10 पेज का सुसाइड नोट है। इसमें बेटियों ने सुसाइड और गेम के संबंध में बताया। बेटियों ने लिखा- 'सॉरी पापा, हम गेम नहीं छोड़ सके। कोरियन गेम हमारी जिंदगी, हमारी जान है।'

## सिंहस्थ में रण उत्सव की तर्ज पर बनेंगी टेंट सिटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन सिंहस्थ के दौरान टेंट सिटी बनाई जाएगी, जो गुजरात के कच्छ के रण उत्सव की तर्ज पर विकसित होगी। सीएम डॉ. यादव गुजरात के कच्छ प्रवास पर थे, जहां कच्छ के प्रसिद्ध रण उत्सव में भाग लिया।

सीएम ने रण उत्सव को लेकर सोशल मीडिया में अनुभवों को साझा भी किया। सीएम ने कहा, रण उत्सव की तर्ज पर उज्जैन सिंहस्थ में टेंट सिटी विकसित की जाएगी। मप्र में जहां पर्यटकों की संख्या अधिक है, वहां भी टेंट सिटी पर कार्य किया जाएगा।

डॉ. यादव ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ रण ऑफ कच्छ का रण उत्सव भारत की सांस्कृतिक पहचान, पर्यटन क्षमता का वैश्विक प्रतीक बन चुका है, जहां कभी बंजर भूमि थी, वहां आज पर्यटन, आजीविका व विकास का मॉडल खड़ा हुआ है, जिसे दुनिया देख रही है।

लोक कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियां, गुजरात की समृद्ध संस्कृति, इस उत्सव को विशिष्ट पहचान देती हैं। यह प्रेरक उदाहरण है। उज्जैन में वर्ष-2028 में होने वाले सिंहस्थ में भी ऐसी व्यवस्था की जाएंगी। इससे जहां स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा और किसान भी लाभान्वित होंगे। सीएम ने लिखा, भुज में स्थित स्मृति वन जो भूकंप पीड़ितों की स्मृतियों को सहेजता है, वह संवेदना और संकल्प का प्रतीक है। भोपाल में भी यूका त्रासदी के पीड़ितों की स्मृति में समर्पित संग्रहालय बनेगा।



### क्या होती है टेंट सिटी

टेंट सिटी टेंटों (तंबुओं) से बसाया गया एक अस्थायी शहर या रिहायशी इलाका होता है, जो बड़े आयोजनों, तीर्थयात्राओं, या आपातकालीन स्थितियों के लिए बनाया जाता है। यह एक सुनियोजित क्षेत्र होता है जहाँ तंबू के भीतर आधुनिक सुख-सुविधाएं जैसे अउ, बिस्तर, और वाई-फाई उपलब्ध होते हैं। यह प्रकृति के पास लग्जरी कैंपिंग का एक अनुभव प्रदान करता है।



## खबर एक नजर...

### विष्णुपुरा में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उज्जैन।** दुपट्टे का फंदा बनाकर मंगलवार दोपहर महिला ने फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का कमरा सील कर दिया है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि विष्णुपुरा में रहने वाली रीतू चिटनीस पति सन्नी मराठा 28 साल ने घर में फांसी लगा ली थी। उसे आसपास के लोग परिजनों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत होने पर शव पोस्टमार्टम कक्ष भेजा दिया था। सूचना मिलने पर पुलिस भी विष्णुपुरा पहुंच गई थी। प्रारंभिक जांच के बाद घटनास्थल का कमरा सील कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतका का मायका ग्वालियर में है। उनके आने पर बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा और परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। पुलिस के अनुसार फिलहाल फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आई है। संभवतः पारिवारिक विवाद हो सकता है।

### सवारी छोड़ लौट रहे मैजिक पर चाकू से हमला



**उज्जैन।** देवासरोड से सवारी छोड़कर लौट रहे मैजिक चालक को रास्ते में दूसरी मैजिक का संचालन करने वाले ने अपने साथियों के साथ रोका और रूपयों की मांग करते हुए चाकू से हमला कर दिया। नागझिरी थाना क्षेत्र के नेहरूनगर में रहने वाला प्रकाश पिता कन्हैयालाल देवड़ा किराये से श्याम मेहता की मैजिक चलता है। रात में वह सवारी छोड़ने के लिये देवासरोड नाकोड़ा हिल्स गया था। जहां से लौटते समय उसे अभिलाषा कालोनी के सामने दूसरी मैजिक संचालित करने वाले आकाश बड़े ने अपने 3 साथियों के साथ मिलकर रोक लिया। आकाश ने मैजिक चलाने के एवज में रुपए देने की बात कही। प्रकाश ने मना किया तो उनके बीच विवाद हो गया। आकाश और उसके साथियों ने चाकू से हमला कर दिया और भाग निकले। नागझिरी पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाकर मामले में चाकू मारने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### गैंगमेनों से पूछताछ में भी सामने नहीं आई जानकारी

**उज्जैन।** पेड़ पर लटकी मिली युवक की अर्द्धनग्न लाश के संबंध में पुलिस रेलवे गैंगमेनों से भी जानकारी लेने पहुंची, लेकिन कुछ भी सामने नहीं आ पाया। मृतक की पहचान नहीं होने पर मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया गया। माधवनगर थाना पुलिस ने रविवार सुबह वल्लभनगर और सेठीनगर के बीच खुले मैदान पर बबलू के पेड़ से लटकी अर्द्धनग्न युवक की लाश बरामद की थी। मृतक ने रेलवे की चादर का फंदा बनाकर फांसी लगाई थी। उसके पास से कोई पहचान का दस्तावेज नहीं मिला था, रेलवे की चादर के आधार पर जानकारी जुटाने के लिये पुलिस स्टेशन पहुंची और गैंगमेनों से पूछताछ की, लेकिन पता चला कि चादर रेलवे की है, लेकिन कई बार यात्री चादर-कम्बल फेंक देते है। जिसे पटरियों के किनारे घूमने वाले उठाकर ले जाते है। संभवतः उक्त चादर वहीं हो सकती है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास कैमरे भी देखे। जिसमें मृतक युवक शाम के समय वाघेश्वरी मंदिर के पास से चादर लपेटे गुजरता दिखाई दिया था। एसआई मोहब्बतसिंह अलावा ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं होने पर मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम कराकर शव को दफना दिया गया है।

# उज्जैन में युवा संगम रोजगार मेला

## 300 से ज्यादा पदों के लिए कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के रोजगार कार्यालय में बुधवार को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला लगा है। इस मेले में स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के लिए कई बड़ी कंपनियां आएंगी। उज्जैन और आसपास के युवाओं को यहां नौकरी पाने का मौका मिलेगा।

मेले में 18 से 40 साल के युवा, जो 5वीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक किसी भी विषय में पास हों और तकनीकी योग्यता वाले उम्मीदवार भी हिस्सा ले सकते हैं।

मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई द्वारा 04 फरवरी, बुधवार को सुबह 10 बजे से



दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय, महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने किया गया है।

- **कौन-कौन सी कंपनियां आएंगी-** कटारिया ग्रुप, बोकेम हेल्थकेयर, न्यू जील फैशन वियर, आइसेक्ट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ, भारतीय जीवन बीमा निगम, स्वतंत्र माइक्रोफिन, भागीरथ मोटर्स, मदर सन ऑटोमेटिव, टीएससीएफएम सेज फाउंडेशन, प्रतिभा स्वराज प्रा. लि., पुखराज हेल्थ केयर, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल, बालाजी सिक्योरिटी सर्विसेज, ईवे आईटी सॉल्यूशंस और कई अन्य कंपनियां।
- **कौन-कौन से पद हैं-** सेल्स एक्जिक्यूटिव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, टीम लीडर, बैंक ऑफिस, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस बॉय आदि। महिलाओं के लिए हेल्पर और ऑपरेटर के पदों के लिए भी विशेष भर्ती है।
- **क्या लाना होगा-** आवेदक अपनी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बायोडाटा की प्रतियां और आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लाएं।

# बुजुर्ग महिला के पेट से निकाली 18 किलो की गांठ

## छह महीनों से बड़ी और वजनी गांठ को अपने पेट में लेकर चल रही थी महिला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में एक 65 वर्षीय महिला अपने पेट में 18 किलो की जटिल गांठ लेकर कई महीनों से दर्द के साथ रह रही थी। शहर के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने एक अत्यंत जटिल और दुर्लभ ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मंगलवार को 65 वर्षीय वृद्ध महिला के पेट से लगभग 18 किलोग्राम वजनी विशाल ओवेरियन सिस्टेडिनोमा / संभावित ओवेरियन कैंसर जैसी गंभीर गांठ को सफलतापूर्वक निकालने में सफलता पाई। बताया गया कि महिला पिछले पांच से छह महीनों से इस बड़ी गांठ को अपने पेट में लेकर चल रही थी, जिससे उसे लगातार शारीरिक परेशानी, कमजोरी और असहजता का सामना



करना पड़ रहा था। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि पेट के अंदर अत्यधिक बड़ी और जटिल गांठ मौजूद है, जिसके कारण ऑपरेशन को बेहद जोखिमपूर्ण माना जा रहा था। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने कठिन ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। इस जटिल सर्जरी को डॉ. विशाल दुबे, डॉ. अनुभव मिश्रा, डॉ. सौरभ प्रजापति एवं डॉ. विकास मारु की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा है .डॉक्टरों के अनुसार मरीज तेजी से स्वस्थ हो रही है और किसी प्रकार की जटिलता सामने नहीं आई है।

## स्वर्ण गिरि पर्वत पर मित्र मिलन महोत्सव, 500 मित्र शामिल हुए



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रतीक चिरमिया स्थित स्वर्ण गिरि पर्वत पर मित्र मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया। विक्रम आंजना तालोद और रणछोड़ आंजना रामाखेड़ी बड़ोद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनके बचपन से लेकर अब तक के 500 से अधिक मित्र शामिल हुए, जिन्होंने यहां पूजन कर अपने विचार साझा किए। सभी ने मिलकर भोजन बनाया और साथ बैठकर खाया। कवि किशोर पांचाल ने मित्रता के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मित्र जीवन का अहम हिस्सा हैं। अच्छे मित्र सम्मान दिलाते हैं, जबकि बुरे मित्र अपमान का कारण बनते हैं। स्वर्ण गिरि पर्वत श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का साक्षी है, जहां वे गुरु माता के आदेश पर लकड़ियां लेने आए थे। समिति सदस्य पवन गोयल ने बताया ऐसे आयोजनों के लिए समिति निःशुल्क संसाधन उपलब्ध कराती है।

## एग्जाम स्पेशल : कक्षा 10वीं



Exam special by : Rahul Shukla
( Educator n Motivator Guru )

### इतिहास मे रिवीजन करना आवश्यक

सामाजिक विज्ञान मे इतिहास खासा महत्वपूर्ण भाग होता है। इतिहास मे चूंकि आंकड़े और तथ्य होते हैं तो इन्हें बार बार रिवीजन से याद किया जा सकता है। इतिहास व लोकतांत्रिक राजनीति के महत्वपूर्ण टापिक हैं :

**इतिहास :** नेपोलियन कोड, कार्न ला, उदारवाद, प्रथम व द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण व परिणाम, जर्मनी, इटली एकीकरण, वर्साय की संधि, वियना संधि, यंग यूरोप व यंग इटली, सीमा शुल्क संघ, नारीवाद, टैरिफ बैरियर। प्रथम व द्वितीय गोलमेज सम्मेलन, गांधीजी के सभी आंदोलन, साइमन कमीशन, रोलेट एक्ट, भारत छोड़ो आंदोलन, हिन्द स्वराज पुस्तक। कुंवर शंकर शाह व राजा दाहिर के नेतृत्व पर संक्षिप्त टिप्पणी। आलू अकाल, भूमंडलीकरण क्या है व उसके प्रभाव। ब्रेनन वुड्स सम्मेलन, रिंडरपेस्ट। भारत में औद्योगिकीकरण की शुरूआत व प्रभाव। विभिन्न पत्र पत्रिकायें उनके लेखक, प्रेस कानून। जापान मुद्रण संस्कृति, बंगाल गजट। मुद्रण संस्कृति का समाज के अलग अलग वर्ग जैसे महिलाएं व गरीब जनता पर प्रभाव। वनार्कुलर प्रेस एक्ट।

**लोकतान्त्रिक राजनीति-** बेल्जियम व श्रीलंका की राजधानी व वहां के भाषायी समूह। संघवाद क्या है? संघीय व्यवस्था की विशेषतायें। संघसूची, राज्य सूची व समवर्ती सूची एवं उसके विषय। गठबंधन सरकार, भारत की प्रमुख भाषाएं व उनसे संबंधित राज्य, सांप्रदायिकता क्या है? राजनीतिक दल व प्रकार।

बार बार रिवीजन करते रहें तो सफलता अवश्यंभावी है।



**- निरंजन बैलिया**
**व्याख्याता, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर, उज्जैन।**

## महाकाल क्षेत्र के व्यापारियों का 119 दिन से धरना जारी

# सुंदरकांड पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि की प्रार्थना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में महाकाल मंदिर क्षेत्र के फुटपाथ व्यापारी अपनी मांगों को लेकर 119 दिनों से धरना दे रहे हैं। समाधान न मिलने पर उन्होंने धरना स्थल पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें बिना पूर्व सूचना के हटाया गया है और सरकार तथा प्रशासन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है।

व्यापारियों ने सरकार और प्रशासन को सद्बुद्धि देने तथा अपनी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की प्रार्थना के उद्देश्य से यह धार्मिक आयोजन किया। उनका कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है, जिससे वे आहत हैं। संघ अध्यक्ष कालूराम चौहान ने बताया कि वर्ष 2014 में संसद द्वारा पारित पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम को मध्य प्रदेश में आज तक प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया



गया है। उन्होंने कहा कि कानून लागू हुए 11 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन न तो पथ विक्रेताओं का विधिवत सर्वे हुआ है और न ही उनके स्थायी संरक्षण या पुनर्वास की कोई ठोस व्यवस्था की गई है। व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण सैकड़ों छोटे व्यापारियों की आजीविका संकट में पड़ गई है। वे लंबे समय से मंदिर प्रशासन और नगर निगम से संवाद और समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी बातों पर कोई सुनवाई नहीं हुई है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सुंदरकांड पाठ के बाद भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो उज्जैन से लेकर भोपाल तक बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर घनश्याम दास सिद्ध योग मठ अखाड़ा के संतों द्वारा विधिवत सुंदरकांड का पारायण किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में व्यापारी और उनके समर्थक शामिल हुए।

उज्जैन
बुधवार
04
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते॥

अर्थः प्राणत्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है। वह संकट पार कर जाता है।

## खबर एक नजर...

### कनाड़िया भूमि विवाद में हाईकोर्ट ने जताई आपत्ति

**इंदौर।** इंदौर के चर्चित पार्वतीबाई कनाड़िया भूमि विवाद में भू-माफिया की कथित साजिश से जुड़े आरोपों के बीच अब न्यायालयीन स्तर पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कई दशकों से विभिन्न न्यायालयों में लंबित यह मामला फिलहाल इंदौर हाईकोर्ट में दूसरी अपील के रूप में विचाराधीन है। इसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की बहुमूल्य भूमि का विवाद सामने आया है। हाईकोर्ट के समक्ष सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट डॉ. विवेक पांडेय और उनके सहयोगियों ने कोर्ट को अवगत कराया कि वे अपीलकर्ता के आचरण से नाराज हैं और अब इस प्रकरण में पैरवी जारी नहीं रखना चाहते। उन्होंने विभिन्न आधारों पर खुद को इस मामले से अग करने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए उनका वकालतनामा वापस लेने की इजाजत दे दी। जस्टिस पवन कुमार द्विवेदी के समक्ष यह तथ्य भी सामने आया कि प्रकरण में अपील वापस लेने के लिए दो अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किए हैं। पहले आवेदन में कुछ शर्तों के साथ अपील वापस लेकर मामले को साक्ष्य के लिए पुनः निचली अदालत भेजने की मांग की गई थी, जबकि बाद में दायर आवेदन में समझौते के आधार पर अपील वापस लेने का अनुरोध किया गया। दोनों आवेदनों की सामग्री एक-दूसरे से भिन्न पाए जाने पर हाईकोर्ट ने असंतोष व्यक्त किया।

### मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म में आरोपी की जमानत निरस्त

**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म के गंभीर मामले में जिला कोर्ट के आदेश को पलटते हुए आरोपी की जमानत निरस्त कर दी है। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर ने मंगलवार को यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि सहमति से या बिना सहमति के अपराध हुआ, यह ट्रायल का विषय है और ऐसे आधार पर आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती। पीड़िता की ओर से जमानत निरस्त करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने जिला कोर्ट द्वारा दी गई जमानत को रद्द कर दिया। पीड़िता की एडवोकेट शन्नो शगुफ्ता खान ने बताया कि 18 वर्ष मूक-बधिर युवती से 4 अप्रैल 2025 को दो युवकों ने दुष्कर्म किया था। दोनों आरोपी युवती को सुबह करीब 10 बजे जबरन घर से उठा ले गए थे और वारदात के बाद उसे घर पर छोड़ दिया। घटना के दौरान युवती के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में घर लौटने पर युवती ने सांकेतिक भाषा में परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया था।

### इंदौर से 20 तेंदुए पकड़ बड़वाह इंदिरा सागर सेंचुरी में छोड़े, अब वहां गांवों में शिकार कर रहे

**इंदौर।** इंदौर और आसपास के इलाकों में बसाहट के बीच आ रहे तेंदुओं का रेस्क्यू आसपास के जंगलों के लिए भारी पड़ रहा है। महू, सनावदिया, देवगुराड़िया, जामनियाखुर्द, मोरोद व अन्य स्थानों से किए गए रेस्क्यू के बाद तेंदुओं को या तो चोरल के घने जंगल या फिर इंदिरा सागर अभयारण्य में छोड़ा जा रहा है। इससे इन स्थानों पर तेंदुओं की संख्या न केवल बढ़ रही है, बल्कि आसपास के गांवों में तेंदुए भोजन, पानी की तलाश में पहुंच रहे हैं। दरअसल, इंदौर या आसपास तेंदुए पकड़े जाने पर उन्हें छोड़ने के विकल्प ही सीमित हैं। गांधी सागर अभयारण्य में चीतों को छोड़ा गया है। वहां पर तेंदुए को नहीं छोड़ा जा सकता। तेंदुओं और चीतों में संघर्ष की स्थिति बन सकती है। श्योपुर में चीतों को छोड़ने के बाद तेंदुओं को वहां से शिफ्ट किया गया था।

---

**स्थिति सामान्य करने में लगा निगम, 20 दिन में पूरा होगा काम**

# भागीरथपुरा दूषित जलकांड, नल के पानी से घबरा रहे लोग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण 32 लोगों की जान चली गई है। कई लोग अस्पताल में इलाज करा चुके हैं। अभी भी लोगों को यहां के पानी पर भरोसा नहीं हो रहा है, लेकिन नगर निगम यहां की स्थिति सामान्य करने में लगा है। इसके साथ ही यहां पर जो काम चल रहा है वो आगामी 20 दिन में पूरा हो जाएगा।






बता दें कि भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने की वजह से सैकड़ों लोग बीमार हो गए थे, वहीं 32 लोगों की जान चली गई। इस घटना ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया था। आज भी यहां कई लोग नल का पानी पीने में खबरा रहे हैं। नगर निगम कर रहा प्रयास इस मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि हमारी पहले दिन से ही प्राथमिकता है कि वहां की स्थिति सामान्य हो सके और पानी व ड्रेनेज के जितने काम हमने लिए हैं, भागीरथपुरा को सामान्य स्थिति में लाने के लिए उसमें से ड्रेनेज के मेन लाइन के काम पूरे हो चुके हैं। पानी के भी 30प्रतिशत हिस्से में हम सप्लाई शुरू कर चुके हैं। बाकी में भी मेन लाइन का काम आगामी 20 दिन में पूरा हो जाएगा।

जांच में सामने आएगा 30 प्रतिशत हिस्से में पानी की सप्लाई की जा रही है, इसकी टेस्टिंग भी लगातार जारी है। बचे हुए हिस्से में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। जिम्मेदारी की बात को लेकर पूछे सवाल पर उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते अकाउंटेबिलिटी हमारी है। हाईकोर्ट ने जांच कमेटी बनाई है, उसकी जांच में आएगा ही उसके अलावा प्राथमिकता यही है कि वहां सारी चीजें सामान्य हो जाएं।

सोमवार को भी निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने भी अधिकारियों के साथ भागीरथपुरा इलाके का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने भागीरथपुरा क्षेत्र में जल प्रदाय लाइन के कामों का पानी की टंकी से लेकर तारा मेडिकल एवं आंगनबाड़ी केंद्र तक निरीक्षण किया था। वर्तमान में लाइन डालने का काम कितना हो गया है और कितना बाकी है इसकी जानकारी भी ली थी और काम में तेजी लाते हुए भागीरथपुरा के शेष स्थानों में भी सुचारू ए वं पर्याप्त जलप्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

# इंदौर में 3.57 करोड़ का बैंक लोन फ्रॉड

**कारोबार की बजाय बैंक का पैसा कैश में उड़ाया, ईओब्ल्यू ने यशास एफआरपी कंपनी पर दर्ज की एफआईआर**

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बैंक से लिया गया लोन कारोबार में लगाने की बजाय दूसरी जगह इस्तेमाल कर लिया। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने इंदौर की यशास एफआरपी मैन्युफैक्चरिंग एलएलपी के संचालकों पर 3 करोड़ 57 लाख रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी ने बैंक से लिए गए ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए रकम का दुरुपयोग किया।

ईओडब्ल्यू एसपी रामेश्वर यादव के मुताबिक, मामले में कंपनी के संचालक संजय रामप्रकाश गुप्ता और शालिनी संजय गुप्ता को नामजद आरोपी बनाया गया है। कंपनी पर बैंक ऑफ बड़ौदा और औद्योगिक विकास निगम के साथ वित्तीय हेराफेरी का आरोप है।

जांच में सामने आया कि कंपनी का मुख्य कार्यालय आरएनटी मार्ग स्थित मिलिंदा मैनोर की दूसरी मंजिल पर था। यहां फाइबर ग्लास से रैलिंग, सीढ़ियां, ट्रे, पंखे समेत अन्य उत्पादों का निर्माण किया जाता था। हालांकि कंपनी 2013 में ही बंद हो चुकी थी, इसके बावजूद इसके खातों से भारी लेनदेन किया गया।




ईओडब्ल्यू के अनुसार, यशास एफआरपी ने 2013 से 2015 के बीच करीब 11 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। इसमें टर्म लोन, वर्किंग कैपिटल, कैश क्रेडिट और एक्सपोर्ट पैकेजिंग क्रेडिट शामिल थे। 16 दिसंबर 2013 से 31 मार्च 2016 के बीच कैश क्रेडिट खाते से बड़ी मात्रा में नकद निकासी की गई, जबकि नियमों के अनुसार यह राशि सिर्फ व्यावसायिक कार्यों में ही उपयोग की जानी थी। सबसे गंभीर बात यह रही कि निर्यात के नाम पर स्वीकृत 2.95 करोड़ रुपए का कोई एक्सपोर्ट नहीं किया गया। इसके अलावा टर्म लोन से खरीदी गई सीएनसी स्ट्रक्चरल एफआरपी एक्सट्रूडर मशीन को बेच दिया गया और उसकी राशि भी बैंक में जमा नहीं की गई। मामले की विस्तृत जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने सोमवार को संजय गुप्ता और शालिनी गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया।

# मेडिकल लापरवाही की जांच 15 माह से अटकी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मेडिकल लापरवाही की शिकायत लेकर शहर के एक शिक्षाविद महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक न तो जांच पूरी हो सकी है और न ही उन्हें जवाब मिल पाया है। जिला प्रशासन के निदेर्शों के बावजूद मेडिकल जांच लंबित है। इसे लेकर मंगलवार को उन्होंने जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा को शिकायत की है।

मामला सरकारी होलकर साइंस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसएल गर्ग के परिवार का है। उन्होंने बताया कि जून 2019 में मदरहुड हॉस्पिटल में पोती अबिरा का जन्म हुआ था। उस दौरान इलाज डॉ. नीरजा पुराणिक द्वारा किया जा रहा था। आरोप है कि डिलीवरी के दौरान ऑक्सीजन नहीं मिलने से पोती को एस्फिक्सिया नामक गंभीर बीमारी हो गई। इसमें डॉ. पुराणिक और अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही रही। न वह खा सकती न बोल सकती., न उठ सकती है और न ही बैठ सकती है। छह साल से उसकी वैसी ही हालत है। उन्होंने डेढ़ साल पहले कलेक्टर को कहा था कि जांच के लिए मेडिकल बोर्ड बनाया जाए ताकि क्रिमिनल केस भी दायर तक सके। 15 माह हो चुके हैं लेकिन मेडिकल ऑफिसर ने हमें रिपोर्ट नहीं दी है। स्वास्थ्य विभाग अब तक जांच पूरी नहीं कर सका है। वे 9 करोड़ के हजार्ने के लिए सिविल कोर्ट भी दायर कर चुके हैं। डॉ. गर्ग ने आरोप लगाया कि जांच को जानबूझकर टालने के लिए इसे अनावश्यक रूप से मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। जांच को मेडिकल कॉलेज भेजने की कोई जरूरत नहीं थी।

**इंदौर के भागीरथपुरा में मौतों को लेकर कांग्रेस का धरना**

# इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेंगे, चरणबद्ध आंदोलन करेंगे : जीतू पटवारी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में कांग्रेस ने राजबाड़ा पर धरना दिया। कांग्रेस कार्यकर्ता यहां जुटे और सरकार का विरोध जताया। धरने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस की मांग है कि मृतकों के परिजन को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो।





धरना-प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने मेयर पुष्यमित्र भार्गव के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान कुछ महिलाओं के आंखों में आंसू आ गए। धरना स्थल पर जगह कम होने पर चिंटू चौकसे कांग्रेस कार्यकताओं के साथ सामने की ओर बैठे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इसे मुद्दे पर चुपचाप नहीं बैठेगी और चरणबत्र आंदोलन करेगी। भाजपा ने भागीरथपुरा में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति की कीमत दो लाख रुपए लगाई है। यह न्याय नहीं है, कांग्रेस ऐसे परिवारों को एक करोड़ रुपए मुआवजा और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिलवाने की मांग पर एकजुट होगी और इंदौर बंद करेंगे। उन्होंने इसके लिए 8 दिन का समय दिया है। इसके बाद कांग्रेस वॉटर टेस्टिंग की दो गाड़ियां शहर के हर वालों में घूमेंगी और वहां वाटर टेस्ट करेगी। इसमें पानी गंदा मिलता है तो लोगों को अवगत कराएगी कि भाजपा सरकार एक गिलास शुद्ध पानी नहीं पिला सकती, यह अभियान लंबा चलेगा।

## खबर एक नजर...

### बिना जांच नहीं कटेंगे नाम, आयोग ने जारी किए निर्देश

**उज्जैन.** उज्जैन जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में मचे घमासान ने अब प्रदेश स्तर पर हलचल मचा दी है। 22 जनवरी को कांग्रेस द्वारा लगाए गए चुन-चुनकर नाम काटने के आरोपों के ठीक 8 दिन बाद, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने भोपाल से सख्त फरमान जारी किया है। इस आदेश ने उज्जैन प्रशासन को उन शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर दिया है, जिन्हें विधायक महेश परमार ने कलेक्टर के समक्ष प्रमुखता से उठाया था। मालूम हो कि 10 दिन पहले 22 जनवरी को तराना विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार और पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर ने कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर गंभीर आरोप लगाए थे। विधायक का दावा था कि सत्ताधारी दल के दबाव में बीएलओ के जरिए कांग्रेस विचारधारा वाले वोटरों के नाम हटाए जा रहे हैं।

### मावठे ने रोकी गेहूं और चने की आवक

**उज्जैन.** गेहूं और चने का नया सीजन शुरू हो गया है, लेकिन मावठे की बारिश ने मंडी में इनकी आवक रोक दी है। जानकारों के अनुसार अगर बारिश नहीं होती तो ऊंचाई वाले खेतों और डॉलर गेहूं की आवक इस हफ्ते से शुरू हो जाती। मंडी में 5000 क्विंटल से कम उपज बिकी। यह सीजन की सबसे कम आवक है।

फिलहाल व्यापार ठप है। गेहूं की भरपूर पैदावार के बावजूद खरीदार नहीं मिल रहे। मंडी में आटा निर्माण के लिए गेहूं 2405 से 2445 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा है। सरकार के टेंडर पर भी कोई चर्चा नहीं है। समर्थन मूल्य पर खरीदी का अभाव है। आसपास के गांवों से खेरची व्यापारी ट्रॉली में गज्जर गेहूं बेचने मंडी पहुंच रहे हैं।

वहीं, छोटी मात्रा में उपज लाने वाले किसानों को मंडी गेट पर जांच के चलते बाहर के व्यापारियों को 25 रुपए कम में गेहूं बेचना पड़ रहा है। सोयाबीन के भाव में कोई बदलाव नहीं है। मंडी में डेढ़ करोड़ रुपए की सोयाबीन 5700 से 6281 रुपए प्रति क्विंटल बिकी। प्लांट खरीदी के भाव 5725 रुपए प्रति क्विंटल बताए गए हैं।



# गुस्सा, रोना, व्यंग, हास्य और छल कपट के भावों से सकूबाई ने दर्शकों को बांधा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**40वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में दूसरे दिन हुई सकुबाई नाटक की प्रस्तुति**



भारत सरकार संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित अभिनव रंगमंडल के 40वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में दूसरे दिन एकजुट मुंबई द्वारा जयंत देशमुख के निर्देशन में ₹सकुबाई₹ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

नाटक हाशिए पर जीवन यापन करने वाले समाज की स्त्रियों के जीवन का कोलाज है। यह नाटक इस वर्ग की लड़कियों पर कम उम्र से हो रहे रोटी कमाने के दबाव और बाध्यता को दर्शाता है, साथ ही उन परिस्थितियों में भी जीवन को उत्साह से जीने की चाहत और जीवटता को उजागर करता है। नाटक तथाकथित पढ़े लिखे और सुसंस्कृत उच्च वर्गीय समाज के खोखलेपन पर भी प्रहार करता है। बचपन से ही परेशानियों ने सकुबाई को घेरे रखा। छोटी उम्र में ही उसे अपने मामा के दुष्कर्म का शिकार होना पड़ा। लाख कोशिशों के बावजूद वह अपनी मां से यह बात छिपा नहीं पाई। अपनी मासूम बेटी के साथ हुए इस कृत्य की बात जानकर उसकी मां, बेटी की सुरक्षा और मायके- ससुराल के संबंधों की मर्यादा बचाने के लिए वहां से निकल जाती है। उसके मन में गहरी चिंता भी थी, कि यदि समाज को इस बारे में पता चला तो लड़की से शादी कौन करेगा ?

नादिरा जाहीर बब्बर की इस कहानी को निर्देशित करने का काम किया फिल्म टीवी और रंगमंच के बेहतरीन कला निर्देशक जयंत देशमुख ने, प्रभावी मंच सज्जा के साथ नाटक के वातावरण को संजीव बनाया। सकुबाई बाई की भूमिका में आशी मालवीय ने दर्शकों को भाव विभोर किया। सकुबाई बेटी और सेल्स गर्ल्स की भूमिका में जजा सिद्दीकी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज.की।

आलोकन अंकित दास का था। मंच निर्माण विशाल मेहता, सचिन वर्मा रूबल शर्मा,आनंद सिंह और बहादुर मालवीय ने किया। प्रस्तुति एक रंग मुंबई की थी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार निरुक्त भार्गव को 5000 रुपए की राशि का श्रीमती रश्मि मिश्रा की स्मृति में स्थापित सांस्कृतिक पत्रकारिता सम्मान दिया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आलोट विधायक प्रोफेसर चिंतामणि

# कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह समयावधि पत्रों की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की विस्तृत विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अभी तक 40512 आवेदन दर्ज किए गए है। 28644 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके है। कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान अंतर्गत राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को आपसी समन्वय कर आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि निराकृत आवेदनों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर समय पर अपडेट करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया की विधानसभावार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 27515 हियरिंग की गई है। 9152 वोटर्स का वेरिफिकेशन किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम और तहसीलदार चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें और कार्य 9 फरवरी तक पूर्ण करें। बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में 50 दिवस और 300 दिवस की सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण की समीक्षा कर पुरानी लंबित शिकायतों के निराकरण के समाधान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सेवा प्रदायगी की स्थिति की जानकारी ली गई। लोक सेवा में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करे अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी ग्राम पंचायतों में विशेष बैठक कर पशुपालक कृषकों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के लिए सेक्स सॉर्टेड सीमन और एआई तकनीकों के फायदों के बारे में जागरूक करें।

### महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 7 की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण व ओपन जिम निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, महामंत्री विवेक शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देवश्री पुरोहित क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

### काशी, मुंबई-गोवा में जल परिवहन कराने वाली एजेंसियों की शिप्रा के लिए रुचि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिप्रा नदी में जल परिवहन की सुविधा मुहैया करवाने के लिए पांच एजेंसियों ने रुचि दिखाई है। इन्होंने अपने प्रस्ताव दिए हैं। ये वे एजेंसियां हैं जो कि वर्तमान में अयोध्या, काशी, बनारस, मुंबई-गोवा और मंदसौर के गांधीसागर बांध में जल परिवहन की सुविधा दे रही है। सिंहस्थ 2028 में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान हैं। ऐसे में भीड़ प्रबंधन बड़ी चुनौती रहने वाली है। लिहाजा शासन-प्रशासन परिवहन से जुड़े सड़क-हवाई व रेलवे की सुविधाओं में विस्तार कर रहा है। इनके अलावा पहली बार ये प्रयास भी किए जा रहे हैं कि शिप्रा नदी में शनि मंदिर से कालियादेह महल तक के 15 किमी में जल परिवहन की सुविधा श्रद्धालुओं को मिले। इसके लिए स्मार्ट सिटी ने 28 जनवरी तक पीपीपी के तहत नाव-क्रूज संचालन से जुड़ी निजी एजेंसियों से प्रस्ताव व सुझाव आमंत्रित किए थे। अच्छी बात यह कि उज्जैन की शिप्रा में जल परिवहन की सुविधा मुहैया करवाने के लिए पांच बड़ी और नामी-अनुभवी एजेंसियों ने रुचि दिखाई है। इनसे प्राप्त प्रस्तावों का स्मार्ट सिटी के अधिकारी एनालिसिस कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर सिंहस्थ के पहले शिप्रा में जल परिवहन की सुविधा शुरू करवा दी जाएगी।

# जिला स्तरीय कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जिले को प्रदेश के नौ जिलों में मिशन वात्सल्य प्रोजेक्ट के तहत चयनित किया गया है। मिशन वात्सल्य अंतर्गत जोखिम ग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में जिला स्तरीय कार्ययोजना प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्री राजेश मेहरा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यशाला में पुलिस विभाग उज्जैन, श्रम विभाग उज्जैन, सामाजिक न्याय विभाग उज्जैन, जिला शिक्षा अधिकारी जिला उज्जैन, जिला स्रोत समन्वयक सर्वशिक्षा अभियान जिला उज्जैन, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग उज्जैन, बाल कल्याण समिति जिला उज्जैन, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जिला उज्जैन, परियोजना अधिकारी समस्त महिला एवं बाल विकास जिला उज्जैन, विशेष किशोर पुलिस ईकाई जिला उज्जैन, पर्यवेक्षक समस्त महिला एवं बाल विकास जिला उज्जैन, शासकीय संस्थाओं बाल गृह उज्जैन, शासकीय बालिका गृह उज्जैन , शासकीय संप्रेक्षण गृह उज्जैन, शासकीय वन स्टॉप सेंटर उज्जैन, अशासकीय संस्थाओं मातृछाया शिशु गृह उज्जैन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई जिला उज्जैन से अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी / कर्मचारियों को किशोर न्याय समिति, उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (संशोधन 2021) के प्रावधानों के तहत बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के सकारात्मक उपाय के सिद्धांत के अनुसार परिवार और समुदाय में सभी संसाधनों को जुटाकर बच्चों की भलाई को बढ़ावा देने एवं कमजोर बच्चों की पहचान को सुगम बनाया जा कर एक समावेशी और सक्षम वातावरण तैयार किये जाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

जिले में वल्नरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में जिला स्तरीय कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए जिले के ग्राम, ब्लॉक, वार्ड में वल्नरेबिलिटी मैपिंग का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से किये जाने की विस्तृत कार्ययोजना के संबंध में सभी को उन्मुखीकृत किया गया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम समन्वयक संस्था ममता से श्रीमती इंदु सारस्वत, श्री गोविंद बेनीवाल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक संस्था उद्दयन केयर से मास्टर ट्रैनर श्रीमती अरघा तिवारी द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों / कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वल्नरेबिलिटी मैपिंग के बारे में बताया गया

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, बुधवार 4 फरवरी, 2026



## खबर एक नजर...

### जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लघु नाटिका का आयोजन

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न निवारण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में एक लघु नाटिका का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए क्लब प्रभारी श्रीमती निशा जटिया ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महिला उत्पीड़न के विभिन्न स्वरूपों, उनके अधिकारों तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध चुप रहना समाधान नहीं है, बल्कि साहसपूर्वक आवाज उठाना ही सशक्त कदम है। नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला सम्मान एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और शिक्षण संस्थाओं का भी नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी को महिला सम्मान, सुरक्षा एवं समानता की शपथ दिलाई गई।

### यूजीसी के नए नियमों के विरोध में राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** जिला राजपूत समाज संगठन, मन्दसौर द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में बनाए गए नियमों को भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर इन नियमों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन के पूर्व महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर समाजजनों ने एकत्र होकर यूजीसी के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अरिहंत के नवनिर्वाचित संचालक मंडल ने ली शपथ

### सासू के साथ बहू को भी शपथ दिलाई

### नवीन पदाधिकारियों ने ₹मेरे सपने₹ नृत्य के माध्यम से बताई भविष्य की गतिविधि

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अरिहंत उज्जैन के सदस्यों को नूतन वर्षाभिन्दन एवं सत्र 2026 हेतु नवनिर्वाचित संचालक मंडल के शपथ आरोहण समारोह फेडरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के सानिध्य में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ।

दीप प्रज्वलन के पश्चात मंगलाचरण अनीता बुखारिया, शोभा जैन, मंजुलता बड़घरिया, अर्चना जैन के द्वारा एवम सिद्धि विवेक जैन ने स्वागत गीत एवं कुमारी काव्या सेठी ने नमोकार मंत्र नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।

शपथ आरोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन जैन अध्यक्ष उज्जैन रीजन फेडरेशन, शपथ अधिकारी जीवंधर जैन संयुक्त महासचिव फेडरेशन, विशेष अतिथि महेंद्र बाकलीवाल संयुक्त महामंत्री फेडरेशन उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में स्नेहलता सोगानी उपाध्यक्ष फेडरेशन, दिनेश जैन सुपर फार्मा, अध्यक्ष सकल जैन समाज (जैना ग्लोबल) एवं महावीर तपोभूमि, उज्जैन, साथ ही प्रदीप झांझरी संयुक्त महासचिव फेडरेशन, मंदिर ट्रस्ट, ग्रुपों एवं महिला मंडल के अध्यक्ष एवम सचिव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का प्रारंभ अध्यक्ष सुनील बडघारिया के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। पश्चात सत्र 2025 का आय व्यय का लेखा जोखा एवं सचिवीय उद्बोधन ताराचंद जैन एवं राकेश जैन द्वारा पेश किया।

# निशुल्क स्वास्थ शिविर में की आंखों की जांच, निशुल्क चश्मा वितरण किया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आर .बी.एल. बैंक फ्रीगंज उज्जैन शाखा एवं नगर निगम उज्जैन की ओर से जनहित के स्वास्थ को ध्यान रख कर , एक छोटी सी पहल की कोशिश की गई जिसमें पूरे उज्जैन शहर के प्रत्येक जन को आमंत्रित किया गया। आर बी अल बैंक के द्वारा निशुल्क स्वास्थ संबंधी विभिन्न जांच तथा आंखों की जांच एवं निशुल्क चश्मा वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम की अगुवाई आर बी अल बैंक के एरिया मैनेजर अनुराग पांडे, बैंक मैनेजर आयुष पंड्या, नगर पालिका आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं अपर आयुक्त पुनीत शुक्ला, जी के सहयोग संभव हुई। इसमें बैंक के अन्य स्टाफ सरिता मीणा,विशाखा पंजाबी,सारिका लोवंशी,अंकुश बर्मन जी के सहयोग रहा। जिन्होंने जन जन को मैत्री भाव से सहायता प्रदान करी।

यह बैंकिंग क्षेत्र में एक अनूठी पहल है। जिसमें न केवल लोगों के स्वास्थ का ध्यान रखा गया बल्कि समाज के प्रति एक उदाहरण पेश किया। अगर ऐसी तरह सभी संस्थान जन जन के प्रति जागरूकता अभियान चलाए तो जन जन में एक दूसरे के प्रति सम्मान ओर एकता का दृष्टिकोण बनेगा। यह पहल सराहनीय है।

# मध्यप्रदेश टूरिस्ट- तीर्थ यात्री बस ऑपरेटर परिवहन आयुक्त कार्यालय पहुँचे

### प्रभावित वाहनों को जल्द से जल्द अनलॉक करने हेतु औपचारिक अनुरोध प्रस्तुत किया

### प्रतिनिधिमंडल आज कलेक्टर एवं परिवहन आयुक्त से भी मुलाकात करेगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन के संबंध में मध्यप्रदेश टूरिस्ट / तीर्थ यात्री बस ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने आगे की कार्यवाही तेज करते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया। मुख्यमंत्री को 2/2 स्लीपर टूरिस्ट बसों से जुड़ी वर्तमान समस्या से अवगत कराया गया था, जिस पर उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया था।

उसी क्रम में मंगलवार को एसोसिएशन के प्रतिनिधि परिवहन आयुक्त कार्यालय पहुँचे और प्रभावित वाहनों को जल्द से जल्द अनलॉक करने हेतु औपचारिक अनुरोध प्रस्तुत किया। एसोसिएशन ने अधिकारियों को बताया कि बड़ी संख्या में वाहन लंबे समय से खड़े हैं, जिससे बस ऑपरेटरों, ड्राइवरों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल आज कलेक्टर एवं परिवहन आयुक्त से भी मुलाकात करेगा, ताकि मुख्यमंत्री के आश्वासन के अनुरूप त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करवाई जा सके। इस दौरान एसोसिएशन के सचिव अनिल भावसार, मोहन चौहान, रमेश नाहर, भावन कालरा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। एसोसिएशन ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र समाधान की अपेक्षा व्यक्त की है, जिससे पर्यटन, तीर्थ यात्रा एवं विवाह सीजन से जुड़े परिवहन कार्य दोबारा सुचारु रूप से शुरू हो सकें। एसोसिएशन ने सरकार एवं प्रशासन के प्रति विश्वास जताते हुए कहा है कि वह संवाद और विधिक प्रक्रिया के माध्यम से ही इस समस्या का समाधान चाहती है।

# मार्बल-टाइल्स के कारोबार का झांसा देकर 21.37 लाख की ठगी, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

### स्नो सिटी क्लब में हुई पहचान, आरोपी रितेश मेहता पर अमानत में खयानत का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मार्बल एवं टाइल्स के कारोबार में मोटे मुनाफे का सपना दिखाकर 21 लाख 37 हजार रुपए की आर्थिक धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला सामने आया है। इंदौर निवासी अंकुश यादव ने आरोपी रितेश मेहता निवासी नयापुरा उज्जैन के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय उज्जैन में लिखित शिकायत आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित अंकुश यादव निवासी 34, मानवता नगर, कनाडिया रोड, इंदौर ने बताया कि वह कनाडिया क्षेत्र स्थित स्नो सिटी के ट१. र'४'' उ'४ में कार्यरत था। इसी दौरान उसकी पहचान रितेश मेहता से हुई। शुरूआत में आरोपी ने मदद के नाम पर छोटी-छोटी रकम लेकर विश्वास जीता, इसके बाद मार्बल और टाइल्स के व्यवसाय में निवेश का झांसा देकर अलग-अलग माध्यमों से कुल 21 लाख 37 हजार रुपए ले लिए।

आवेदन में बताया गया है कि आरोपी ने 13 लाख 53 हजार 100 रुपए ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए और शेष राशि नकद के रूप में प्राप्त की। अब तक केवल 11 लाख 99 हजार रुपए ही वापस किए गए हैं, जबकि करीब 19 लाख 38 हजार रुपए की राशि अब भी बकाया है। पीड़ित का आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी पूरी तरह से संपर्क से बाहर हो गया है।

पीड़ित ने इसे गंभीर आपराधिक अमानत में खयानत का मामला बताते हुए कहा कि आरोपी ने जानबूझकर विश्वास में लेकर उसकी मेहनत की कमाई का दुरुपयोग किया है। अंकुश यादव ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और बकाया राशि दिलाने की मांग की है।

उज्जैन इंदौर के हाई-प्रोफाइल लोगों को प्रॉपर्टी, रेस्टोरेंट और अन्य व्यवसायों में निवेश का झांसा देकर रकम ऐंठने वाले नयापुरा निवासी रितेश मेहता को सोमवार को उज्जैन के स्थित अवंती अस्पताल से पकड़कर नीलगंगा पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी अपने बीमार पिता से मिलने अस्पताल पहुंचा था, जहां पीड़ितों ने उसे पहचान लिया। उसके पकड़े जाने के बाद थाने में राजनीतिक दबाव के फोन आने की भी चचाएँ सामने आई हैं।

पीड़ित व्यापारियों का कहना है कि जिस व्यक्ति पर उन्होंने आंख मूंदकर भरोसा किया, उसी ने उनकी जीवनभर की कमाई दांव पर लगवा दी। सबसे बड़ी शिकायत रिटायर्ड पायलट शैलेश फिलिप्स की है। आरोप है कि रितेश मेहता ने अधिक मुनाफे का लालच देकर उनका मुंबई स्थित फ्लैट बिकवाया और करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपए अपने कब्जे में ले लिए। खुद को बड़ा उद्योगपति बताने वाला आरोपी हर मुलाकात में नए बिजनेस प्रोजेक्ट और ऊंचे संपर्कों की बातें कर मोटे मुनाफे का सपना दिखाता था।

### रेस्टोरेंट से बनाई पहचान, फिर शुरू हुई ठगी की श्रृंखला

इंदौर के स्नो सिटी निवासी हरीश कटारिया ने बताया कि रितेश ने पहले स्नो सिटी में एक रेस्टोरेंट खोलकर पहचान बनाई। धीरे-धीरे दोस्ती गहरी हुई, घर आना-जाना बढ़ा और फिर निवेश के नाम पर करीब 55 लाख रुपए ले लिए। इतना ही नहीं, उसने रिश्तेदारों तक पहुंच बनाकर गुजरात के एक मकान मालिक से भी 11.5 लाख रुपए ऐंठ लिए।

इसी तरह श्वेता माहेश्वरी से 55 लाख, नीरज कपाड़िया से 50 लाख और मुकुल माहेश्वरी से लगभग 50 लाख रुपए की ठगी के आरोप हैं। उज्जैन के भी तीन-चार व्यापारियों ने शिकायत दर्ज कराई है।

### दीवार लेखन, नर्सरी, प्रस्फुटन वाटिका पर चर्चा, स्वदेशी की शपथ दिलाई

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक में हुई ग्राम विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, जिला उज्जैन अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्था सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल सेक्टर लेकोड़ा के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उमरिया खालसा की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अरुण व्यास (विकासखंड समन्वयक, जन अभियान परिषद), चयनित नवांकुर संस्था अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर एवं ग्राम पंचायत सरपंच त्रिभुवन त्रिवेदी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समिति सदस्यों एवं ग्रामीण जनों के साथ ग्राम विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में अरुण व्यास विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद ने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से गांव के विकास कार्यों को गति देने, समिति की सक्रिय भूमिका, स्वच्छता, जागरूकता एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। ग्राम पंचायत सरपंच त्रिभुवन त्रिवेदी ने शासन की योजनाओं और में सहयोग की बात कही। नवांकुर समिति अध्यक्ष उत्कर्ष सेंगर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के कार्यों पर चर्चा की दीवार लेखन, नर्सरी, प्रस्फुटन वाटिका आदि पर चर्चा की। ग्राम विकास हेतु सहयोग एवं सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया गया। बैठक के अंत में स्वदेशी की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था से मयंक तिवारी विवेक विश्राम,यशवंत सिंह सचिव,गणेश भदोरिया सहसचिव,रमेश चंद्र,भंवर,भगवान सिंह,गणपत जी,सत्यनारायण जी जय नारायण जी संदीप जी विक्रम जी श्रवण चौकीदार आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम बैठक का संचालन मयंक तिवारी जी ने किया एवं आभार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदी ने माना।

## खबर एक नजर...

### शिवना रिवर फ्रंट के लिए 12 करोड़ रु.की स्वीकृति

**मन्दसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि शहर के समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा शिवना रिवर फ्रंट हेतु 12 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के अंतर्गत शिवना नदी के तटों का व्यापक विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। रिवर फ्रंट को आकर्षक बनाने हेतु आधुनिक लाइटिंग, भव्य फव्वारे, हरित क्षेत्र, आमोद-प्रमोद की सुविधाएँ, रेस्टोरेंट्स एवं अन्य नागरिक सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर शिवना रिवर फ्रंट का निर्माण किया जाएगा, जो मन्दसौर शहर को एक नई पहचान देगा और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

### जनसुनवाई 3में 105 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदकों को सुना।

**खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 का समापन समारोह**

# रतलाम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

भोपाल में शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स का पावर हाउस बन चुका है।

खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि सरकार ने यह लक्ष्य तय किया है कि खेल अधोसंरचना के मामले में मध्य प्रदेश देश में नंबर वन बने। आने वाले समय में प्रदेश संभवतः पहला राज्य होगा, जहां हर विधानसभा स्तर पर कम से कम एक खेल अधोसंरचना का निर्माण किया जाएगा।

रतलाम के खिलाडियों ने जीते मेडल जिला खेल अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा ने खिलाडियों को बधाई दी है। एथलेटिक्स कोच निर्मला डामोर भटेवरा के मार्गदर्शन में भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रतलाम के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए १ गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। शिवेंद्र सिंह राठौर ने शॉट पुट में गोल्ड मेडल हासिल किया डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल , जबकि रंगलाल डोडियार ने तीन हजार मी. दौड़ में सिल्वर मेडल जीता। मोहित सिंह ने 400 मी हर्डल्स में सिल्वर और 110 मी. हर्डल्स में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। प्रिंस परमार ने



लॉन्ग जंप और जैवलिन थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल जीते, जबकि अंशिका ने शॉट पुट में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसमें 4.400 मीटर रिले में सिल्वर मेडल विनायक राव, देवेश शर्मा, मोहित सिंह और रंगलाल डोडियार का रहा है। जिला खेल अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा ने खिलाडि ों को बधाई दी है और उनकी सफलता पर खुशी जताई है। खिलाडियों को नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। विजेता खिलाडि ों को गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल और ब्राउंस मेडल पर क्रमशः 31000/21000 /11000 और चतुर्थ स्थान प्राप्त खिलाड़ी को 7000 का नगद पुरस्कार खिलाडियों के बैंक खाते में मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जमा कराया जाएगा।

### मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**मन्दसौर।** जिले के मल्हारगढ़ क्षेत्र में पिछले दिनों हुई भीषण ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से किशनगढ़, झारड़ा, हरमाला और पामाखेड़ा सहित अनेक गांवों में फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और प्रभावित किसानों ने मन्दसौर स्थित नारकोटिक्स कार्यालय का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की कि फसलों में शत प्रतिशत नुकसान को देखते हुए प्रति 10 आरी पर 5 लाख रुपये और 5 आरी पर 2.50 लाख रुपये का मुआवजा तुरंत दिया जाए।

## शिशु लोक लोकार्पण व शिशु नगरी उल्लास का आयोजन 6 फरवरी को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में शिशु लोक लोकार्पण एवं शिशु नगरी उउल्लासउ का भव्य आयोजन 6 फरवरी, शुक्रवार को होने जा रहा है। विद्या भारती मालवा के प्रकल्प सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान संजीत मार्ग मंदसौर में उल्लास शिशु नगरी 2026 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विद्या भारती मध्य क्षेत्र के पदाधिकारी गण शिशु लोक का लोकार्पण करेंगे साथ ही 12 शैक्षिक व्यवस्थाएँ, रंगमंचीय प्रस्तुतियाँ एवं बाल मेला का आयोजन भी होगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित होंगे एवं इस भव्य आयोजन के साक्षी बनेंगे।

### 11 को विद्युत पेंशनर करेंगे धरना प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

विद्युत पेंशनरों की चम्बल कॉलोनी परिसर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया कि प्रदेश स्तर पर संघर्ष मोर्चा के आव्हान करने के तहत 11 फरवरी को चम्बल कॉलोनी गेट के सामने पेंशनरों द्वारा धरना दिया जाएगा। पेंशनरों की कई लम्बित मांगे पूर्ण नहीं होने से असंतोष व्याप्त हैं, इसके लिये संघर्ष मोर्चा द्वारा म.प्र. शासन द्वारा विद्युत पेंशनरों की पेंशन की गारंटी तथा केन्द्र के समान महंगाई राहत का भुगतान किया जावे, इसके लिये प्रदेश स्तर पर एक दिवसीय धरना आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष खूबचन्द शर्मा, सोसायटी अध्यक्ष अर्जुन झलोया, सचिव राजेन्द्रसिंह चौधरी, सोसायटी उपाध्यक्ष आर.एस. गुप्ता, उपाध्यक्ष पी.एल. कुमावत सहित डिवीजन अध्यक्षगण व सदस्य उपस्थित रहे।

# शाम के भोजन व रात्रि विश्राम के बीच 3 घंटे का अंतराल होना चाहिए- डॉ. वार्ष्णेय

### आरोग्य भारती की स्वस्थ जीवन शैली केन्द्रित संगोष्ठी सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

हमारी वैदिक पद्धति अनादिकाल से सशक्त रही है। मानव जगत को हर प्रकार के रोगों से मुक्त करने के लिए प्रकृति ने हमें पेड़ पौधों वनस्पति के रुप में विभिन्न औषधियां प्रदान की है। प्रकृति हमारी सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक है।

उक्त बात आरोग्य भारती द्वारा आयोजित उस्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां एवं स्वस्थ जीवन शैली विषयउ पर आयोजित वृहद संगोष्ठी में जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ भानपुरा पीठ ने कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में कही। स्वामीजी ने कहा कि आंवला उदर रोग के लिए और अर्जुन का वृक्ष हृदय रोग के उपचार में वरदान सिद्ध हुआ है। खाली जमीन व अन्य स्थानों पर आंवले, अर्जुन के





पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे बंद करवाने की भी बात कही ।

प्रमुख वक्ता आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि तन के साथ मन से भी प्रकृति से जुड़ना हितकारी है। दृढ़ संकल्प व इच्छाशक्ति और उपचार से गंभीर रोगों से भी मुक्ति पाई जा सकती है । आपने कहा कि शाम के भोजन व रात्रि विश्राम के बीच ३ घंटे का अंतराल होना चाहिए। कृषि विश्वविद्यालय सीहोर के कुलपति डॉ. इन्द्रसिंह तोमर ने भी विचार रखे। इस दौरान उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर द्वारा औषधि फसलों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई।

इस दौरान आरोग्य भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. विष्णुसेन कछावा, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, उद्यानिकी महाविद्यालय डीन डॉ. इंद्रसिंह तोमर, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी, जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश बोराना, समाजसेवी प्रहलाद काबरा, हृष्टानंद नैनवानी, डॉ. मनीषा मेहता आदि उपस्थित रहे। स्वागत भाषण संरक्षक अशोक कुमठ ने दिया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने किया व आभार डॉ जवाहरसिंह मंडलोई ने माना।

### नीमच से सांवरिया सेठ दरबार तक पैदल यात्रा आज होगी रवाना

**नीमच।** नीमच से सांवलिया सेठ तक पैदल यात्रा आज 4 फरवरी को प्रारंभ होगी द्य सांवलिया मित्र मंडल व संयोजक समाजसेवी अरुल अरोरा के नेतृत्व में यह यात्रा आज 4 फरवरी को सुबह 8.30 बजे लायंस पार्क चौरहा से प्रारम्भ होगी। इस यात्रा में श्रद्धालुओं के हजारों की संख्या में सम्मिलित होने की जानकारी मिली हैं द्य हालांकि इस बार बिना पंजीयन भी भक्त यात्रा में सम्मिलित हो सकेंगे इसलिए अनुमान ही लगाया गया है कि प्रतिवर्ष अनुसार हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस पैदल यात्रा में सांवरिया सेठ के दरबार में पहुंचेंगेद्य यह यात्रा अनुशासित ढंग से उत्साह के साथ रवाना होगी जो निंबाहेड़ा में रात्रि विश्राम और भजन संध्या के साथ अगले दिन सुबह श्री सांवलिया सेठ दरबार में पहुंचेगी द्य पैदल यात्रा को लेकर एक बैठक भी संपन्न हुई

# भागवत कथा जीवन को दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ, गौसेवा से प्रसन्न होते हैं भगवान - देवेंद्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

धर्म, भक्ति एवं गौसेवा के पावन उद्देश्य को लेकर आयोजित धर्मध्वजा एवं गौसेवा महोत्सव के अंतर्गत बरखेड़ापंथ स्थित श्री राधे-कृष्ण गौशाला परिसर में पिपलिया पत्रकार हितार्थ एवं सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और वैचारिक चिंतन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कथा प्रवक्ता देवेंद्र शास्त्री (धारिया खेड़ी) ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कोई साधारण कथा ग्रंथ नहीं, बल्कि उन परमहंसों का चरित्र है, जिन्होंने अपने जीवन में नैतिक मूल्यों, कर्तव्यों और सत्य के मार्ग पर चलकर आदर्श



जीवन जिया। उन्होंने कहा कि भागवत मनुष्य को केवल जीना नहीं सिखाती, बल्कि मृत्यु को भी सुंदर और सार्थक बनाने का उपक्रम है।

शास्त्री ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत क्षणभंगुर है। जीवन में कब कैसी परिस्थिति उत्पन्न हो जाए, इसका अनुमान लगाना कठिन है। उन्होंने हाल ही में जिले में हुई ओलावृष्टि का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रकृति ने जिले पर कहर बरपाया, जिससे कई गांवों में किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं।

# जांगड़ा पोरवाल समाज का 15वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

### 400 से अधिक प्रतिभागियों ने की सहभागिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जांगड़ा पोरवाल समाज मंदसौर का १५वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन लॉ कॉलेज परिसर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में समाज के 400 से अधिक युवक-युवतियों ने सहभागिता कर वैवाहिक परिचय प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की एकता, पारदर्शिता और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम में सर्वाधिक पंजीयन कराने वाले प्रभारी जगदीश काला, कमल गुप्ता, संजय डपकरा और लोकेंद्र सर्राफ का पगड़ी एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न



क्षेत्रों के 80 पंजीयन प्रभारियों को भी सम्मानित किया गया। पुरस्कार सीए अशोक रत्नावत, एडवोकेट पंकज वेद, जगदीश सेठिया और सुनील धनोतिया की ओर से प्रदान किए गए। विशेष सहयोग के लिए शांति दिनेश फरक्या, अमन फरक्या और व्याख्याता अशोक धनोतिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम माला-रहित और डिस्पोजल-मुक्त रखा गया। प्रारंभ में गणेश वंदना रेखा उदिया, निधि गुप्ता, विद्या गुप्ता, ममता मोदी और ज्योति काला ने प्रस्तुत की।

## खबर एक नजर...



### प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने आम बगीचों का किया अवलोकन

आलीराजपुर। आम के बगीचों के लिए प्रसिद्ध कट्टीवाड़ा क्षेत्र में आज प्रभारी कलेक्टर श्री जितेंद्र सिंह चौहान ने नूरजहां मैंगो फार्म का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बगीचे में लगी विभिन्न किस्मों के आम के पेड़ों का अवलोकन किया। मैंगो फार्म में लंगड़ा, हापुस, केशर, श्रीदेवी, दाड़म, मदासी, माधुरी, दशहरी, शाहजहां, गुलाब केशर, मल्लिका, 35 प्रशांत, केशवंटी सहित अनेक प्रजातियों के आम के पेड़ लगाए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर श्री चौहान ने बगीचे के प्रबंधन से आम की विभिन्न किस्मों, फसल उत्पादन, फलों की गुणवत्ता, बाजार मूल्य, उत्पादन मात्रा तथा लागत से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बगीचे प्रबंधन से आम की ब्रांडिंग एवं बेहतर विपणन व्यवस्था विकसित करने को कहा। इस अवसर पर तहसीलदार श्री सुनील डावर, नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा, जनपद सीईओ श्री गोपाल शरण प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### रोहिणी पवार को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नियुक्त किया

बुरहानपुर। सहायक संचालक शिक्षा और अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक रोहिणी पवार को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नियुक्त किया गया है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। यह पद 31 जनवरी को तत्कालीन प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र महाजन के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली हुआ था। इसके बाद रोहिणी पवार को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पवार को अगले आदेश तक अस्थायी रूप से बुरहानपुर के जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार और आहरण-संवितरण के अधिकार दिए गए हैं। पवार ने सोमवार को ही प्रभारी डीईओ के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद कर्मचारी संगठनों और पालक महासंघ ने डीईओ कार्यालय पहुंचकर उनका स्वागत किया।

### विकसित भारत की आर्थिक नींव मजबूत करने वाला है केंद्रीय बजट-योगेश मेहता

बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा सोमवार को केंद्रीय बजट 2026 एवं वीबीझजी रामजी योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीज ऑफ एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष योगेश मेहता ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश को आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में आगे ले जाने वाला बजट है। यह बजट उद्योग, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगा तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगा-पाटिल

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को लोकसभा में बजट पेश किया गया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा बुरहानपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने जहां इस बजट को लोकसभा सत्र में देखा और सुना वही पूरे देश में भाजपा संगठन द्वारा जिला एवं मंडल स्तर पर बड़ी टीवी स्क्रीन के माध्यम से बजट की प्रस्तुति को कार्यकर्ताओं ने देखा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया बताया कि केंद्रीय बजट विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगा।

आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के साथ सभी की उम्मीदों को पूरा करने वाला है बजट, बजट के प्रावधानों से मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग और प्रशस्त होगा। वही इस बजट का लाभ मैं मेरे संसदीय क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा। सांसद श्री पाटिल ने बताया कि

यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर और उच्च स्थान पर पहुंचाएगा। निर्माण, विकसित भारत और आर्थिक आत्मनिर्भरता की परिकल्पना को साकार करेगा। प्रधानमंत्री जी की चार जातियों सहित हर वर्ग की आकांक्षाओं को पंख देने वाला है यह बजट है।

केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के साथ देश-प्रदेश के विकास में अहम योगदान देगा। ईमानदार करदाताओं को राहत, मध्यम वर्ग को सम्मान के साथ जनता के विश्वास व विकास का बजट है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत की निर्णायक नींव रखने वाला बजट हें।आम जनता को समर्पित केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा, प्रस्तुत जानितकारी बजट के लिए में प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एवं वित्त मंत्री सीतारमण जी को धन्यवाद देता हूं।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास की भावना के अनुरूप है। यह बजट आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के साथ सभी की उम्मीदों को पूरा करने वाला है। बजट में वस्त्र उद्योग क्षेत्र में रिफार्म के प्रावधानों से मध्यप्रदेश के कपड़ा उद्योग को बहुत फायदा मिलेगा। बजट में राज्यों के लिए एक लाख 40 हजार करोड़ के अनुदान का प्रावधान मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के विकास में बड़ा सहायक होगा। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर और उच्च स्थान पर पहुंचाएगा।

### जलसुनवाई शिविर का किया गया आयोजन

**बड़वानी** । स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जिले के वार्ड क्रमांक 3 में मंगलवार को नगर पालिका परिषद बडवानी द्वारा जल सुनवाई शिविर आयोजित किये गये। शिविर में जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य अमृत मित्र महिलाओ द्वारा किया गया। साथ ही जल प्रदाय से संबंधित शिकायतो को भी दर्ज कर निराकृत किया गया । शिविर में 28 घरों के जल नमूनो की जॉच फिल्ड टेस्ट कीट के माध्यम से की गई । साथ ही एक जल प्रदाय के अंतर्गत लीकेज की समस्या का आवेदन भी प्राप्त हुआ ।

# राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लिया

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल के राजपुर क्षेत्र के नागलवाड़ी में प्रस्तावित कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने मंगलवार नागलवाड़ी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने हेलीपैड स्थल, कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैरीकेटिग, पार्किंग व्यवस्था और आवागमन के रास्तों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें।निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। सुरक्षा और प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन सुनिश्चित हो। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने नागलवाड़ी स्थित सुप्रसिद्ध बाबा भिलट देव मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दर्शन के पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

### माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 10 व 13 फरवरी से

आलीराजपुर.जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं क्रमशः 10 फरवरी एवं 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। परीक्षाओं का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा संचालन हेतु मण्डल द्वारा कुल 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

# जनसुनवाई में 20 आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के दिये निर्देश



ब्रह्मास्त्र ›› आलीराजपुर

प्रति मंगलवार की भांति आज कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में कुल 20 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। डिप्टी कलेक्टर सुश्री कलमे ने सभी आवेदकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं तथा संबधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस जनसुनवाई में श्री कुशलसिंह पिता मगनसिंह निवासी पटेल फलिया ग्राम माछलिया ने आवेदन दिया कि प्रधानमंत्री आवास मेरे पिता मगनसिंह पिता रायसिंह चौहान के नाम से स्वीकृत हुआ था पुरा मकान बनकर बनने के बाद भी मुझे आज दिनांक तक मजदुरी राशि प्राप्त नहीं हुई है। प्रधानमंत्री आवास की मजदुरी की राशि प्रदान करवायी जाए । इस आवेदन पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री कलमे द्वारा संबंधित अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य आवेदक श्री सुरेश पिता नाथु निवासी मसानिया फलिया ग्राम तीती ने आवेदन दिया कि मेरा पास कुल 5 खेत है रकबा 1.8500 हेक्टर जमीन है। असंचित है। सिंचाई के लिए पानी नहीं है। इस कारण कपिल धारा कुप का खनन करवाना चाहता हूँ । मेरा कपिल धारा कुप निर्माण की स्वीकृत करवाया जाए ।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री नितेश ओझा पिता श्री नारायण प्रसाद ओझा, निवासी 20/13, वसंत विहार, उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-184/2 रकबा 0.1150 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-184/1 रकबा 0.2300 हेक्टर में से रकबा 0. 038 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-118/2/2, रकबा 0.07 हेक्टर में से रकबा 0.041 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक-185/1. रकबा 0.1570 में से रकबा 0.0082 हेक्टर, कुल किता 04 कुल रकबा 0.2022 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम सांवराखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग पर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी गई है।

यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चि?ट्ठी, बधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि 1 गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-03.02.2026

**राजेश बांठिया हाईकोर्ट एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**



हॉलीवुड स्टार चालमेट ने फिल्म

## मार्टी सुप्रीम के लिए ऑस्कर नॉमिनेशन पाकर रचा इतिहास

विश्व सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित मंच एकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर के 98वें संस्करण के लिए नामांकनों की घोषणा होते ही हॉलीवुड के युवा सुपरस्टार टिमोथी चालमेट ने इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' में टेबल टेनिस के जादूगर मार्टी माउजर की भूमिका निभाने के लिए टिमोथी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में नामांकित किया गया है और इसी के साथ उन्होंने एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

जो आज तक हॉलीवुड का कोई भी दिग्गज अभिनेता नहीं कर पाया था। मात्र 30 वर्ष की आयु में टिमोथी चालमेट तीन बार अभिनय श्रेणियों में ऑस्कर नामांकन पाने वाले दुनिया के सबसे युवा पुरुष अभिनेता बन गए हैं। वैराइटी की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले उन्होंने 'कॉल मी बाय योर नेम' और 'ए कम्प्लीट अननोन' के लिए भी एकेडमी का ध्यान अपनी ओर खींचा था, लेकिन इस बार का नामांकन उनके करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। 'मार्टी सुप्रीम' में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें इस साल ऑस्कर जीतने का सबसे प्रबल दावेदार बना दिया है और विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार उनके हाथों से गोल्डन ट्रॉफी नहीं फिसलेगी। जोश सफ्दी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक काल्पनिक पात्र मार्टी माउजर की कहानी है, जो टेबल टेनिस चैंपियन बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए संघर्ष और जुनून की पराकाष्ठा तक जाता है। टिमोथी के लिए यह साल खुशियों की सौगात लेकर आया है क्योंकि हाल ही में उन्होंने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (म्यूजिकल या कॉमेडी) का पुरस्कार भी जीता था और वहां भी वह इस श्रेणी में जीत दर्ज करने वाले सबसे युवा अभिनेता बने थे।

# माधुरी दीक्षित ने पहनी 1.4 लाख की हरी साड़ी

### दिखाया रॉयल लुक फैन्स हुए कायल



बॉलीवुड की ढक-ढक गर्ल माधुरी दीक्षित ने एक बार फिर फैशन प्रेमियों का दिल जीत लिया है। 58 वर्ष की आयु में भी माधुरी ने अपने स्टाइल स्टेटमेंट से सभी को चौंका दिया जब उन्होंने एक शानदार हरी रंग की साड़ी में तस्वीरें पोस्ट कीं, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं और फैंस की तारीफों की बौछार ला दी। महाराष्ट्र की इस पारंपरिक साड़ी में माधुरी का अंदाज बिलकुल राजसी और सुरुचिपूर्ण नजर आया, जिससे पता चलता है कि साड़ी पहने हुए वे कितनी मोहक और आत्मविश्वास से भरी दिखती हैं।

यह हरी साड़ी प्रसिद्ध डिजाइनर जयन्ती रेड्डी द्वारा डिजाइन की गई है और इसकी कीमत लगभग ?1।4 लाख बताई जा रही है। साड़ी की बॉर्डर पर सघन सोने की जरदोजी कढ़ाई इसे बेहद क्लासिक और ग्लैमरस लुक देती है, जो पारंपरिक सुंदरता और आधुनिक शैली का एक शानदार मिश्रण पेश करती है। इस साड़ी को उन्होंने इसी तरह मिल्द-ग्रीन कढ़ाई वाले ब्लाउज के साथ पहना था, जिससे यह लुक और भी निखरा हुआ दिखाई दे रहा था।

माधुरी ने अपने आकर्षक लुक को एमेराल्ड जवादों से जड़े झुमके, कंडन कंगन, स्टेटमेंट रिंग और एक स्टाइलिश वॉच के साथ कंप्लीट किया। उनके मेकअप में स्मोकी आईज, बोल्ड रेड लिपस्टिक और सॉफ्ट कर्ल्ड हेयर उनके आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच दे रहे थे। पूरी तस्वीर में उनकी पोज और आत्मविश्वास ने उनके फैशन सेंस को और भी दमदार बनाया, जिससे फैंस और फॉलोअर्स उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह सके।

सोशल मीडिया पर उनके इस लुक की तस्वीरें लाखों लोगों द्वारा शेयर और लाइक की गई हैं, और फैंस कमेंट कर रहे हैं कि माधुरी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे किसी भी उम्र में स्टाइल और गरिमा के प्रतीक हैं। यह हरी साड़ी न केवल एक शानदार फैशन चॉइस थी बल्कि 2026 के फैशन ट्रेंड में एक यादगार पल के रूप में दर्ज हो गई है, जो साड़ी प्रेमियों और स्टाइल प्रेमियों दोनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।





## रोहित शेट्टी की गोलमाल 5 में अक्षय कुमार की एंट्री

### विलेन के किरदार में नजर आएंगे एक्टर अजय देवगन से होगी जबरदस्त टक्कर

बॉलीवुड की चर्चित कॉमेडी फ्रैंचाइजी गोलमाल अब अपनी पांचवीं कड़ी के साथ दर्शकों के सामने आने वाली है और इस बार फिल्म में एक बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। खबर आ रही है कि अक्षय कुमार ने गोलमाल 5 में मुख्य विलेन के रूप में एंट्री की है, जो अजय देवगन और उनकी टीम के खिलाफ स्क्रीन पर दो-दो हाथ करेंगे।

मुख्य कलाकारों में अजय देवगन फिर से इस फ्रैंचाइजी के मुख्य किरदार के रूप में नजर आएंगे, साथ ही अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू और श्रेयस तलपड़े की वापसी भी तय है। इसके अलावा जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, मुकेश तिवारी और अश्विनी कलसेकर जैसे अनुभवी कलाकार भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शरमन जोशी के वापस लौटने की संभावना है, जबकि करीना कपूर खान की मौजूदगी पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

गोलमाल 5 में अक्षय कुमार का विलेन के रूप में अभिनय इस फ्रैंचाइजी के लिए एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि पहले इस सीरीज में मुख्य रूप से हल्के-फुल्के कॉमेडी ग्राफ पर ही फोकस रहा है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में पारंपरिक ह्यूमर के साथ-साथ कुछ फैंटेसी एलिमेंट्स भी शामिल किए जाएंगे, जिससे इसे पहले से और भी बड़ा बनाया जा सके।

फिल्म की शूटिंग फरवरी के अंत में मुंबई के फिल्म सिटी में शुरू होने की उम्मीद है और फिल्म को 2027 की शुरूआत में सिनेमाघरों में रिलीज करने का लक्ष्य रखा गया है। यह पांचवीं किस्त गोलमाल फ्रैंचाइजी के 20 साल पूरे होने का जश्न भी है, क्योंकि पहली फिल्म 2006 में रिलीज हुई थी और उसके बाद सीरीज ने देशभर में बड़ी सफलता हासिल की है। बॉलीवुड में अक्षय कुमार और अजय देवगन की ऑन-स्क्रीन जुगलबंदी पहले भी कई फिल्मों में देखी जा चुकी है, जैसे सुहाग, खाकी, इंसान, सूर्यवंशी और सिंघम अगेन में दोनों ने साथ काम किया है, लेकिन गोलमाल 5 में उनका आमने-सामने आना दर्शकों के लिए एक नया सरप्राइज होगा।

# रश्मिका मंदाना ने वेडिंग अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**वायरल खबर को गलत बताया, कहा- मीडिया में फैल रही बातें सिर्फ अफवाहें हैं**



रश्मिका मंदाना और साउथ स्टार विजय देवरकोंडा को लेकर आज एक बड़ी खबर सोशल मीडिया पर 2 फरवरी को उदयपुर में शादी को लेकर वायरल हुई। वायरल वीडियो और इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद फैंस में यह खबर आग की तरह फैल गई कि यह कपल आज यानी 2 फरवरी 2026 को उदयपुर के सिटी पैलेस में सात फेरे ले रहा है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक जैसे ही खबर वायरल हुई, रश्मिका मंदाना ने खुद इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी और साफ कहा कि 2 फरवरी को किसी भी शादी की योजना नहीं है। एक्ट्रेस ने इन रिपोर्ट्स को गलत बताया और कहा कि मीडिया में फैल रही बातें सिर्फ अफवाहें हैं। सोशल मीडिया पर एक इंस्टाग्राम वीडियो अचानक से वायरल हुआ जिसमें उदयपुर सिटी पैलेस की सजावट के वीडियो दिखाए गए। वीडियो में दो लड़कियों ने कैमरे के सामने फूलों, झाड़ू-बालियों, रंग-बिरंगे डेकोरेशन और शानदार सजावट से भरे पैलेस में शादी की तैयारियों का दावा किया। उन्होंने कहा कि यह वेडिंग डेकोरेशन रश्मिका और विजय देवराकोंडा के लिए है और आज शादी है। वीडियो वायरल होते ही फैंस ने मान लिया कि लंबे समय से अफवाहों में रहते? यह कपल आज शादी के बंधन में बंधने वाला है। कई स्थानीय सोशल टिप्पणी और चर्चा में यह दावा भी किया गया कि होटल और पैलेस प्रबंधन ने भी तैयारी को गुप्त शादी बताया। लेकिन एक्ट्रेस ने इन रिपोर्ट्स को गलत बताया और कहा कि मीडिया में फैल रही बातें सिर्फ अफवाहें हैं। इस बयान से यह स्पष्ट होता है कि आज यानी 2 फरवरी को शादी नहीं है। रश्मिका की टीम द्वारा यह भी बताया गया कि दोनों अपनी पर्सनल लाइफ और इवेंट्स को लेकर मीडिया में बिना आधिकारिक जानकारी के कुछ भी स्वीकार या खारिज नहीं कर रहे।



### नए डेट की चर्चा और संभावित समारोह

हालांकि रश्मिका ने 2 फरवरी वाले शादी वाले दावे को नकार दिया, लेकिन अब खबरें हैं कि कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शादी की असली तारीख 26 फरवरी 2026 हो सकती है। इस दिन को लेकर भी फिलहाल दोनों कलाकारों या उनके ढफटीम ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी चर्चा है कि अगर शादी होती है तो यह एक डेस्टिनेशन वेडिंग होगी जिसमें सिर्फ करीबी दोस्तों और परिवार के साथ एक प्राइवेट समारोह शामिल होगा, उसके बाद हैदराबाद में ग्रैंड रिसेप्शन भी हो सकता है।

### फैंस की प्रतिक्रियाएं और अफवाहों का असर

सोशल मीडिया पर फैंस के बीच यह खबरें दिन भर ट्रेंड करती रहीं। एक तरफ जहां कुछ फॉलोअर्स को लगता है कि यह अफवाह जल्द ही सही साबित होगी, वहीं कई लोग सही डेट जानने के लिए उत्सुक हैं और चाहते हैं कि दोनों सितारे जल्द ही अपने रिश्ते की वास्तविक स्थिति खुद बताएं।

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के शादी को लेकर आज 2 फरवरी उदयपुर वेडिंग की अफवाहें गलत साबित हुई हैं, जिसे रश्मिका ने स्पष्ट रूप से खारिज किया है। जबकि शादी की भविष्य की तारीख और कार्यक्रम को लेकर चचाएं जारी हैं, फिलहाल कोई आधिकारिक और सुनिश्चित दिनांक घोषित नहीं हुई है।

### क्या भारत 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप फाइनल में पहुंचेगा

# सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से मुकाबला

## टीम इंडिया टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंडर-19 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल आज भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। मैच जिम्बाब्वे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में दोपहर 1 बजे से शुरू होगा, जबकि टॉस 12:30 बजे होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम 6 फरवरी को हरारे में ही इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल खेलेगी।

भारतीय टीम अब तक इस टूर्नामेंट एक भी मैच नहीं हारी है। अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम रही है। टीम ने अब तक पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018 और 2022) खिताब अपने नाम किया है, जबकि चार बार टीम रनर-अप भी रह चुकी है। ऐसे में भारतीय टीम की नजर 10वीं बार फाइनल में पहुंचने पर होगी।

भारत के बाद सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया है, जिसने चार बार अंडर-19 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती है। वहीं अफगानिस्तान की टीम अब भी अपने पहले खिताब का इंतजार कर रही है।




**भारत ने 83.33% मुकाबले जीते-** भारत का अफगानिस्तान के खिलाफ हेड टु हेड में रिकॉर्ड शानदार रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 12 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 10 मैच अपने नाम किए हैं। इस दौरान टीम की विनिंग परसेंटेज 83.33 प्रतिशत रहा है। वहीं अफगानिस्तान अंडर-19 को सिर्फ 2 मुकाबलों में जीत मिली है।

**कुंडू भारत के टॉप स्कोरर** - इस अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए अभिज्ञान कुंडू ने सबसे ज्यादा 5 मैचों में 199 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 80 रन रहा है। कुंडू ने 82.23 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है।

गेंदबाजी में हेनिल पटेल ने कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 5 मैचों में 11 विकेट झटके हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 5 विकेट देकर 16 रन का रहा है और उनकी इकॉनमी 3.72 की है। पिछले मैच में ऑलराउंडर कनिष्क चौहान ने 35 रन बनाने के साथ ही एक विकेट भी लिया है।

**फैजल टूर्नामेंट के सेकेंड टॉप स्कोरर-** इस अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेकेंड टॉप स्कोरर अफगानिस्तान के फैजल शिनोजादा हैं। उन्होंने 5 मैचों में 325 रन बनाए हैं। बेस्ट स्कोर 163 रन का रहा है और उन्होंने 103.83 की तेज स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है।

वहीं गेंदबाजी में नूरिस्तानी उमरजई ने टीम के लिए अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 5 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 5 विकेट देकर 9 रन का रहा है और उनकी इकॉनमी 3.65 की रही है।

**हाई स्कोरिंग हो सकता है मैच-** हरारे स्पोर्ट्स क्लब की पिच बल्लेबाजों को सपोर्ट करती है। यहां बाउंस और स्पीड अच्छी रहती है, जिससे स्ट्रोक खेलना आसान हो जाता है। स्क्वायर और स्ट्रेट बाउंड्रीज थोड़ी छोटी हैं।

इस मैदान पर टीमों ने 5.13 के रन रेट से रन बनाए हैं, जो मौजूदा टूर्नामेंट के सभी पांच वेन्यू में सर्वाधिक है। इसलिए सेमीफाइनल मुकाबला हाई-स्कोरिंग होने की उम्मीद है।

**25% बारिश की आशंका-** 4 फरवरी को हरारे में मौसम आमतौर पर साफ रहने की उम्मीद है, हालांकि हल्के बादल छाए रह सकते हैं। तापमान 15 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मैच के दौरान बारिश की 25% आशंका जताई गई है।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

**भारत:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), वेदांत त्रिवेदी, आरएस अंब्रिश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल और दीपेश देवेन्द्रन।

**अफगानिस्तान:** महबूब खान (कप्तान), उस्मान सादात, खालिद अहमदजई, फैजल शिनोजादा, उजैरुल्लाह नियाजई, अजीजुल्लाह मियाखिल, अब्दुल अजीज, रूहुल्लाह अरब, नूरिस्तानी उमरजई, वहीदुल्लाह जादरान, और अकील खान।

# पाकिस्तान पर बॉयकॉट का असर क्या होगा



## ग्रुप-स्टेज में ही बाहर होने का खतरा, आईसीसी बैन लगा सकता है, भविष्य में मेजबानी मिलनी मुश्किल


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया। पाकिस्तान सरकार ने रविवार को कहा कि उनकी टीम टूर्नामेंट खेलेगी, लेकिन भारत से नहीं भिड़ेगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने कहा कि पीसीबी अपने फैसले पर फिर से विचार करे।

आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन के मुताबिक मैच बॉयकॉट करने से पाकिस्तान का ही रन रेट खराब होगा। 16.10.7 क्लॉज में बताया है कि पाकिस्तान के 20 ओवर में 0 रन होंगे। जबकि भारत का एक भी ओवर काउंट नहीं होगा। इससे पाकिस्तान का रन रेट बाकी मैच जीतकर भी निगेटिव में जा सकता है।

ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान के अलावा नामीबिया, नीदरलैंड और अमेरिका की टीमें हैं। पाकिस्तान अगर 3 में से एक भी मैच हार गई तो टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो जाएगी। अमेरिका तो पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराकर ग्रुप स्टेज में ही बाहर भी कर चुका है। नीदरलैंड भी आईसीसी टूर्नामेंट में बड़े उलटफेर करते आई है। आईसीसी ने पाकिस्तान को अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कहा है। वर्ल्ड बॉडी अब ढउइ से पूछेगा कि उसने बॉयकॉट क्यों किया? अगर पाकिस्तान ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो आईसीसी उसे इसी वर्ल्ड कप से बैन भी कर सकता है। इससे पहले भी 5 टीमें वर्ल्ड कप में मैच का बॉयकॉट कर चुकी हैं।

## श्रीलंका के वर्ल्ड कप स्क्वॉड में कामिंडु मेंडिस की वापसी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

श्रीलंका ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए फाइनल स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 खेलने वाले धनंजय डी सिल्वा को बाहर कर कामिंडु मेंडिस की वापसी हो गई। इंजर्ड पेसर ईशान मलिंगा भी टीम का हिस्सा हैं। ऑलराउंडर दासुन शनाका टीम की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। आउट ऑफ फॉर्म हैं कामिंडु कामिंडु मेंडिस इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। वे 2025 में 19.87 के औसत से 159 रन ही बना सके। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 130.32 का ही रहा। वे 12 मुकाबलों में महज 6 ओवर ही बॉलिंग भी कर सके। कामिंडु की खासियत यह है कि वे दोनों हाथों से स्पिन गेंदबाजी कर लेते हैं। प्लेइंग-11 में आ सकते हैं वेल्लालागे धनंजय डी सिल्वा को बाहर करने के बाद टीम अब 23 साल के लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालागे को भी प्लेइंग-11 में शामिल कर सकती है। हालांकि, वे श्रीलंका के लिए 6 ही टी-20 खेल सके हैं।

## इंग्लैंड का पल्लेकेले की टर्निंग पिच पर 129 रन डिफेंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पल्लेकेले



पल्लेकेले में खेले गए तीसरे टी-20 में इंग्लैंड ने 129 रन डिफेंड करते हुए श्रीलंका को 12 रन से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। यह टी-20 इंटरनेशनल में इंग्लैंड का अब तक का सबसे छोटा सफलतापूर्वक डिफेंड किया गया स्कोर है।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही इंग्लिश टीम की शुरूआत खराब रही। टीम के 11 ओवर में स्कोर 60 रन पर 6 विकेट गिर गए थे । ऐसे समय में सैम करन ने जिम्मेदारी संभाली और 48 गेंदों में 58 रन की अहम पारी खेली। इस पारी में 6 चौके और एक छक्का शामिल रहा। उनके साथ लायम डॉसन ने 20 गेंदों में 14 रन बनाकर साझेदारी निभाई।

श्रीलंका की ओर से दुष्मंथा चमीरा ने शानदार गेंदबाजी की और 5/24 के आंकड़े दर्ज किए, लेकिन करन की पारी ने दोनों टीमों के बीच फर्क पैदा कर दिया। 129 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरूआत ठीक रही, लेकिन स्पिन के सामने बल्लेबाज टिक नहीं सके। आदिल रशीद, विल जैक्स और जैकब बेथेल ने मिलकर रन गति पर लगाम लगा दिया। 10 ओवर में स्कोर 62/4 हो गया और यहीं से मैच इंग्लैंड की पकड़ में आ गया। आखिरी ओवरों में विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 116 रन पर सिमट गई। बेथेल ने 4 और विल जैक्स ने 3 विकेट लिए।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय :-** 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतन:-** कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

निवेशकों की नजरें तनीं

# एलआईसी में हिस्सा बेच सकती है सरकार




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार अगले वित्त वर्ष में छक्क में अपनी हिस्सेदारी घटाने पर विचार कर रही है। पहले आईपीओ में 3.5% हिस्सेदारी बेचकर 21,000 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। अब अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम के जरिए धीरे-धीरे हिस्सेदारी कम करने की योजना बनाई जा रही है।

सरकार अगले वित्त वर्ष में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के माध्यम से बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी और घटाने पर विचार कर रही है। वर्तमान में, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में सरकार की 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है। सरकार ने मई, 2022 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे में कंपनी में 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेची थी।

इस शेयर बिक्री से सरकार को करीब 21,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सोमवार को कहा, एलआईसी के सार्वजनिक निर्गम को धीरे-धीरे लाना होगा। हमने दीपम से एलआईसी में हिस्सेदारी कम करने की संभावनाओं को देखने के लिए कहा है।

**पीएफसी-आरईसी का हो सकता है विलय-** सरकारी बिजली क्षेत्र की ऋणदाता पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) और उसकी सहायक कंपनी आरईसी का विलय हो सकता है। इसका प्रस्ताव बजट में रखा गया है। अंतिम निर्णय उच्च स्तर पर होगा। मार्च, 2019 में पीएफसी ने सरकार को 14,500 करोड़ में आरईसी में बहुमत हिस्सा लिया था।

बेंगलुरु में नौकरियों का नया ट्रेंड लिंक्डइन की रिपोर्ट में खुलासा


# एआई इंजीनियर बना शहर का सबसे डिमांडिंग जॉब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु के जॉब मार्केट में साल 2026 की शुरूआत के साथ ही एक बड़ा क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है जिसका खुलासा प्रोफेशनल नेटवर्किंग साइट लिंक्डइन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। लिंक्डइन की 'जॉब्स ऑन द राइज 2026' रिपोर्ट के मुताबिक बेंगलुरु में इस वक्त 'एआई इंजीनियर' सबसे तेजी से बढ़ने वाला जॉब रोल बनकर उभरा है जो शहर की तकनीकी नेतृत्व और वैश्विक डिजिटल सेवाओं में निरंतर बढ़ती पकड़ को दर्शाता है।

रिपोर्ट के चौंकाने वाले आंकड़े बताते हैं कि साल 2026 में लगभग 72 प्रतिशत पेशेवर नई नौकरी की तलाश में हैं लेकिन इनमें से एक तिहाई से अधिक लोग खुद को इस बदलाव के लिए तैयार महसूस नहीं कर रहे हैं। अध्ययन में यह बात सामने आई है कि करीब 38 प्रतिशत कर्मचारी तेजी से बदलती तकनीक के कारण खुद को कौशल की कमी से जूझता हुआ पा रहे हैं जबकि 37 प्रतिशत लोगों को इस बात की चिंता सता रही है कि बढ़ते कॉम्पिटिशन के बीच वे खुद को दूसरों से अलग कैसे साबित करेंगे। बेंगलुरु में एआई इंजीनियर के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डायरेक्टर की भूमिका दूसरे स्थान पर है जो यह साफ करता है कि कंपनियां अब केवल तकनीक का इस्तेमाल ही नहीं करना चाहतीं बल्कि इसके नेतृत्व के लिए भी विशेषज्ञों की तलाश में हैं।

हालांकि यह सूची केवल आईटी सेक्टर तक ही सीमित नहीं है क्योंकि तेजी से बढ़ते जॉब्स की इस फेहरिस्त में प्रोफेसर का पद तीसरे स्थान पर और वाइस प्रेसिडेंट ऑफ ग्लोबल सेल्स चौथे स्थान पर काबिज है। इसके अलावा डायरेक्टर ऑफ प्रोडक्ट इंजीनियरिंग, जनरल मैनेजर बिजनेस डेवलपमेंट, वेयरहाउस टीम लीड, आईटी ऑडिटर, लीगल एनालिस्ट और फाउंडर जैसे रोल भी टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। लिंक्डइन इंडिया न्यूज की सीनियर मैनेजिंग एडिटर और करियर




## कानून के क्षेत्रों में भी भारी निवेश और विस्तार हो रहा


लिंक्डइन ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर एआई-पावर्ड जॉब सर्च फीचर भी लॉन्च किया है जिसका उपयोग रोजाना 13 लाख से अधिक लोग कर रहे हैं। इस फीचर की मदद से उम्मीदवार अपनी भाषा में नौकरी खोज सकते हैं और 'जॉब मैच' फीचर के जरिए यह भी जान सकते हैं कि उनकी योग्यता किस पद के लिए सबसे सटीक है। बेंगलुरु में वेयरहाउस टीम लीड और लीगल एनालिस्ट जैसे पदों का टॉप 10 में आना यह संकेत देता है कि ई-कॉमर्स और कॉर्पोरेट कानून के क्षेत्रों में भी भारी निवेश और विस्तार हो रहा है। कुल मिलाकर लिंक्डइन की यह रिपोर्ट बेंगलुरु के पेशेवरों के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि आने वाला समय केवल डिग्री का नहीं बल्कि लगातार नया सीखने और तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का है। जो लोग अपनी कोर स्किल्स को एआई के साथ जोड़ पाएंगे उनके लिए साल 2026 अवसरों का एक बड़ा पिटारा साबित होने वाला है जबकि पारंपरिक सोच के साथ आगे बढ़ने वालों के लिए चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

विशेषज्ञ निरजीता बनर्जी ने इस बदलाव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बेंगलुरु का जॉब मार्केट अब ऐसे प्रोफेशनल्स की मांग कर रहा है जो न केवल अपने क्षेत्र में माहिर हों बल्कि एआई जैसी उभरती तकनीकों के साथ खुद को ढालने की क्षमता भी रखते हों।

उनके अनुसार अब नियुक्ति केवल प्योर टेक्नोलॉजी तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि डिजाइन और कंसल्टिंग सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर भर्तियां हो रही हैं जहां एआई ज्ञान वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस रिपोर्ट का एक और दिलचस्प पहलू यह है कि भारत में 94 प्रतिशत पेशेवर अपनी नौकरी की तलाश के लिए एआई टूल्स का उपयोग करने में सहज महसूस करते हैं लेकिन इसके बावजूद 48 प्रतिशत लोग इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि रिक्रूटमेंट प्रक्रिया में एआई के बढ़ते दखल के बीच वे अपनी विशिष्ट पहचान कैसे बनाएंगे। लगभग आधे से अधिक यानी 54 प्रतिशत पेशेवरों को लगता है कि एआई भर्ती करने वालों का ध्यान खींचने में एक बाधा बन सकता है जबकि 65 प्रतिशत का मानना है कि एआई उम्मीदवारों और रिक्रूटर्स के बीच संचार की खाई को पाटने में मददगार साबित हो रहा है।

इंडिगो को भारी पड़ी

# दिसंबर की अव्यवस्था




## यात्रियों को चुकाना पड़ा 22 करोड़ रुपये से ज्यादा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिसंबर में फ्लाइट्स रद्द और लेट होने के कारण इंडिगो ने यात्रियों को 22.68 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया। राज्यसभा में सरकार ने इससे जुड़े आंकड़े पेश किए। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को दिसंबर महीने में उड़ानों की भारी अव्यवस्था काफी महंगी पड़ी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को राज्यसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इंडिगो ने यात्रियों को मुआवजे और सुविधाओं के तौर पर अकेले 22.68 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह भारी-भरकम रकम उन यात्रियों को दी गई है जिन्हें फ्लाइट कैंसिल होने, उड़ानों में देरी होने या बोर्डिंग से मना किए जाने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। सरकार ने सदन को बताया कि दिसंबर में सभी घरेलू एयरलाइनों ने कुल मिलाकर 24 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक मुआवजा दिया, जिसमें से सबसे बड़ा हिस्सा अकेले इंडिगो की जेब से गया है। इंडिगो के लिए यह संकट दिसंबर की शुरूआत में गहराया था, जब 3 से 5 दिसंबर के बीच उसकी 2,507 उड़ानें रद्द हुईं और 1,800 से ज्यादा लेट हुईं, जिसका असर 3 लाख से अधिक यात्रियों पर पड़ा था। हालात इतने बिगड़ गए थे कि डीजीसीए को एयरलाइन के विंटर शेड्यूल में 10% की कटौती तक करनी पड़ी थी। मुआवजे के मामले में दूसरी एयरलाइंस इंडिगो के मुकाबले काफी पीछे रहीं; जहां टाटा समूह की एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मिलकर करीब 74.61 लाख रुपये चुकाए, वहीं स्पाइसजेट ने 40.09 लाख रुपये और अकासा एयर ने 21.06 लाख रुपये का भुगतान किया।

उद्योग जगत को बजट से क्या उम्मीदः उत्पादन से निवेश तक के लिए क्या जरूरी

# जलवायु परिवर्तन पर कितना ध्यान?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बजट 2026 में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देते हुए, इस बजट में सीमा शुल्क को आसान करने के साथ उपभोग बढ़ाने और निवेश को प्रोत्साहन देने वाले फैसले लिए जा सकते हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में क्रेडिट बढ़ोतरी, फार्मा और हेल्थ केयर के लिए रिसर्च और इनोवेशन सहयोग के साथ एमएसएमई इकाइयों ने उत्पादन लागत को कम करने और ऋण की पहुंच को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया है।

केंद्रीय बजट 2026-27 में पेश होने जा रहा है। ऐसे में सभी उद्योग अपने-अपने क्षेत्र के लिए कुछ न कुछ घोषणाओं की उम्मीद कर रहे हैं। हाल में यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसे कई देशों के साथ व्यापार समझौते हुए हैं, जो इस बात के संकेत देते हैं कि सरकार निर्यात बाजार का विस्तार करने पर काम कर रही है। साथ ही किसी एक अर्थव्यवस्था पर निर्भरता को कम करने पर जोर दे रही है।

जेमएम फाइनेंशियल की रिपोर्ट के



मुताबिक, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देते हुए, इस बजट में सीमा शुल्क के युक्तिकरण के साथ ही उपभोग बढ़ाने और निवेश को प्रोत्साहन देने वाले फैसले लिए जा सकते हैं। यह बजट खपत और पूंजीगत व्यय की जरूरतों के बीच संतुलन बनाने वाला होगा। जानकारों का कहना है इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, हेल्थ केयर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल सेवाओं वाले तेजी से विकास करने वाले क्षेत्रों के लिए भी समर्थित घोषणा हो सकती हैं।

फ्यूजन फाइनेंस के एमडी और सीईओ संजय गैरयाली कहते हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम उपभोक्ता तक ऋण सुविधाओं को पहुंचाना, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे छोटे उद्योगों और नए उद्यमियों तक मजबूत क्रेडिट डिलीवरी को मजबूत बनाने के लिए उपायों की घोषणाओं की उम्मीद बजट से हैं।

**नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां: ग्रामीण-कम आय वाले लोगों को अधिक क्रेडिट सप्लाई हो-** मुथुट फिनकॉर्प लिमिटेड के सीईओ शाजी वर्गीस कहते हैं, ऱहम भारत में ग्रामीण और कम आय वाले लोगों को क्रेडिट सप्लाई के लिए बजट में कुछ कदम उठाने की सलाह देते रहे हैं। केंद्रीय बजट 2026 में गोल्ड लोन एनबीएफसी के लिए शाखाएं खोलने के नियमों को सरकार आसान बना सकती है। विशेषकर ऐसे गोल्ड लेने के लिए जो सुरक्षित हों और जिनमें कम रिस्क होता है। साथ ही एनबीएफसी के जरिए गोल्ड लोन के लिए कैपिटल रिस्क वेट को सही करने की जरूरत है, जिसमें लोन देने की लागत कम हो और ग्रामीण और सेमी-अर्बन मार्केट में अधिक क्रेडिट फ्लो हो सके। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों की तरह ही एनबीएफसी के लिए रअफ-ऋअएरक(वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित के प्रवर्तन) को लागू करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे गांवों में हाउसिंग क्रेडिट बढ़ाने और छोटे टिकट साइज वाले मॉर्टगेज लोन के लिए रिकवरी सिस्टम को मजबूत करने में मदद मिल सके।

जीएसटी कलेक्शन घटने की चिंता नहीं

# भारत की अर्थव्यवस्था हासिल करेगी घाटे का लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एसएंडपी ने कहा है कि जीएसटी कलेक्शन में गिरावट के बावजूद भारत 4.3% के वित्तीय घाटे का लक्ष्य हासिल कर लेगा। जानिये जीडीपी ग्रोथ, अमेरिकी टैरिफ का असर और एसएंडपी की पूरी रिपोर्ट आसान भाषा में।

सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में हुए बड़े बदलावों के बाद बाजार में आशंका थी कि सरकारी खजाने पर असर पड़ेगा। लेकिन ग्लोबल रेटिंग एजेंसी 'एसएंडपी' ने इन आशंकाओं को खारिज कर दिया है। एजेंसी ने सोमवार को साफ कर दिया कि भारत सरकार न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखेगी, बल्कि वित्तीय घाटे के लक्ष्यों को भी आसानी से पूरा कर लेगी। एसएंडपी की रिपोर्ट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर लेकर आई है। आइए जानते हैं इस रिपोर्ट की चार बड़ी बातें जो आम आदमी और निवेशकों के लिए समझना जरूरी है:

**वित्तीय अनुशासन के मामले में सरकार पास** - एसएंडपी ने भरोसा जताया है कि भारत सरकार वित्त वर्ष 2027 (ऋ27) के लिए तय किए गए 4.3% के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लेगी। सरकार ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 4.4% और 2027 के लिए 4.3% का लक्ष्य रखा है। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि बजट में सरकार ने खर्च और विकास के बीच शानदार संतुलन बनाया है।

**जीएसटी घटने का डर नहीं, खपत बढ़ाएगी कमाई** - सितंबर 2025 में जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाया गया था, जिससे टैक्स कलेक्शन में थोड़ी गिरावट का अनुमान था। लेकिन एसएंडपी का मानना है कि टैक्स कम होने से चीजें सस्ती होंगी और मिडिल क्लास ज्यादा खरीदारी करेगा। एजेंसी का कहना है कि खपत बढ़ने और टैक्स वसूली की बेहतर दक्षता से राजस्व में हो रही कमी की भरपाई हो जाएगी।

इसके अलावा, रिजर्व बैंक से मिलने वाला भारी-भरकम डिविडेंड भी सरकार की तिजोरी को भरने में मदद करेगा।

## दिल्ली में तीन मर्डर:

# कनॉट प्लेस में हेलमेट से पीट-पीटकर बिजनेसमैन की हत्या; रेलवे कर्मी का गला काटा; 3 नाबालिगों ने शख्स को चाकू मारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को हत्या के तीन मामले सामने आए। पहली घटना कनॉट प्लेस की है, जहां रात में एक पार्टी में गए 36 साल के बिजनेसमैन की तीन फूड डिलीवरी राइडर्स ने हेलमेट से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

दिल्ली के गुलाबी बाग में एक 17 साल के लड़के ने एक रेलवे कर्मचारी पर गैस सिलेंडर से हमला किया और फिर उसका गला काट दिया। नाबालिग लड़के के मुताबिक, रेलवे कर्मी ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की थी।

वहीं, तीसरी घटना दिल्ली के पांडव नगर इलाके की है। यहां तीन नाबालिगों ने एक 22 साल के युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग पर हमला किया था।

### 1. पानी मांगने पर डिलीवरी राइडर्स ने हेलमेट से पीटा

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मी नगर इलाके के रहने वाले बिजनेसमैन शिवम गुप्ता 2 जनवरी की रात एक दोस्त के साथ पार्टी में शामिल होने कनॉट प्लेस गए थे। पार्टी से निकलने के बाद राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के पास उसने एक फूड डिलीवरी एजेंट से पानी मांगा। 3 जनवरी की सुबह करीब 1:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क पर खून से लथपथ बेहोश पड़ा है। पुलिस ने उसे पास के लोक नायक जय प्रकाश हॉस्पिटल पहुंचाया। शिवम को 4 जनवरी को राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल रेफर किया गया। 5 जनवरी को उसकी सर्जरी हुई।

### 2. यौन उत्पीड़न की कोशिश करने पर रेलवे कर्मचारी की हत्या

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 25 जनवरी से रेलवे कर्मी, संदीप कुमार मालवीय (39) लापता थे। संदीप अपनी मोटरसाइकिल से घर से निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे। 27 जनवरी को एक दोस्त ने उनके परिवार को बताया कि उनकी मोटरसाइकिल आरके आश्रम मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी है, जिसके बाद पहाड़गंज पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज में संदीप एक लड़के के साथ ऑटो-रिक्शा में जाता हुआ दिखाई दिया। जांच में पता चला कि उनके यूपीआई खाते से एक रुपए का लेनदेन किया गया था। जिस अकाउंट में पैसे भेजे गए, वह एक नाबालिग का था।

### 3. तीन नाबालिगों ने युवक पर चाकू से हमला किया

इधर, दिल्ली के पांडव नगर इलाके में मंगलवार को तीन नाबालिगों ने एक 22 साल के युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोप है कि मृतक युवक ने दिन में एक नाबालिग पर हमला किया था। अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना सोमवार रात करीब 8.15 बजे पीसीआर कॉल से मिली। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया जा चुका था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान अरुण राज के रूप में हुई है और प्रारंभिक जांच में उसके शरीर पर कई जगह चाकू के घाव मिले हैं। पुलिस की एक टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे संदिग्धों की पहचान हुई। इसके बाद दिल्ली के अलग-अलग से तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना पुरानी दुश्मनी के कारण हुई।

# एमपी-यूपी, बिहार समेत 7 राज्यों में घना कोहरा: ग्वालियर में विजिबिलिटी जीरो

## दिल्ली में 40 किमी की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





देश के उत्तरी राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में मौसम लगातार सर्द बना हुआ है। बर्फबारी के बाद उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

मैदानी राज्यों में उत्तर से आनी वाली हवाओं ने फिर से सर्दी बढ़ा दी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा दिल्ली में सुबह से घना कोहरा छाया है। सुबह 6.30 बजे आदमपुर, अंबाला, कानपुर, बरेली, प्रयागराज ग्वालियर जिलों में विजिबिलिटी जीरो रही। दिल्ली में बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट जारी किया है। पड़ोसी राज्य हरियाणा और चंडीगढ़ में भी ऐसे ही हालात रहने की आशंका है। अगले 7 दिन में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र तीन पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस से प्रभावित रहेगा। यानी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में ओले-बारिश और सर्द हवाएं चलेंगी।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर क्षेत्र से आने वाला पश्चिमी हवाओं का मौसमी सिस्टम है, जो उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है।

5 फरवरी: दिल्ली में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब के 15 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी है। मध्य प्रदेश के 20 जिलों में मावठा गिरने का अलर्ट है।

6 फरवरी: हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू लाहौल स्पीति व किन्नौर जिला में हल्की बर्फबारी की चेतावनी दी है। शिमला, मंडी व कांगड़ा में बारिश का अलर्ट है।

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होने के साथ ही सर्दी बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले चार दिन प्रदेश में सर्द हवा, कोहरा और बादल छाने की संभावना है।

# अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से जिस ट्रेड डील का इंतजार था, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसकी घोषणा कर दी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% कर दिया है। ट्रम्प ने अप्रैल में 25% रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) लगाया था और रूस से तेल खरीदने के कारण अगस्त में 25% पेनल्टी का ऐलान किया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया था। अब व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी अठक को बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18% ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25% टैरिफ हटा देगा। ट्रम्प ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके बाद रात करीब 10:30 बजे ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्रुथ सोशलह्न पर ट्रेड डील की घोषणा की। ट्रम्प ने दावा किया कि मोदी रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने पर राजी हो गए हैं। ट्रम्प के मुताबिक, जरूरत पड़ी तो भारत वेनेजुएला से तेल लेगा। भारत ह्रबाय अमेरिकनह्न नीति के तहत अमेरिका से 46 लाख करोड़ रुपए (500 अरब डॉलर) से अधिक का सामान खरीदेगा। वहीं, ट्रम्प के एलान के बाद पीएम ने पर लिखा- भारत के 1.4 अरब लोगों की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या लिखा, पढ़िएह्न आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। हमने रूस-यूक्रेन युद्ध सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। ह्रट मोदी ने रूस से तेल की खरीद बंद करने पर सहमति जताई। भारत अब अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदेगा। इसके अलावा वेनेजुएला से तेल खरीदने की संभावना पर भी बात हुई। इससे यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करने में मदद मिलेगी, जहां हर हफ्ते हजारों लोगों की जान जा रही है।प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती, सम्मान और उनके अनुरोध पर, हमने अमेरिका और भारत के बीच तुरंत एक ट्रेड डील पर सहमति बनाई है।

# जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों में मुठभेड़:2 आतंकी गुफा में छिपे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकि को गोली लगी। दो आतंकवादी गुफा में छिपे है। सेना की व्हाइट नाइट कोर के तहत उक्कह्र डेल्टा, जम्मू-कश्मीर पुलिस और उफ्कह्र की संयुक्त टीम ने आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बसंतगढ़ इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। रामनगर के जाफर जंगल इलाके में छिपे आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी। करीब एक घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान एक आतंकी को गोली लगी, लेकिन वह अपने साथी के साथ गुफा के अंदर चला गया।

मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे आतंकियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर गुफा से बाहर निकलने की कोशिश की। इस दौरान फिर से फायरिंग हुई और तेज धमाकों की आवाज सुनी गई। इसके बाद अतिरिक्त सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया और घेराबंदी और कड़ी कर दी गई। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इंटेलिजेंस आधारित संयुक्त ऑपरेशन के तहत उक्कह्र डेल्टा के जवानों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और उफ्कह्र के साथ मिलकर उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में ऑपरेशन ह्रकियाह्न शुरू किया है। इलाके में घेराबंदी कर दी गई है

## हम ट्रम्प के बयान का मतलब समझ रहे, ट्रम्प का दावा- भारत रूसी तेल खरीदना बंद करेगा

# रूस को ट्रम्प के दावे पर यकीन नहीं: कहा- भारत ने तेल खरीद रोकने पर कुछ नहीं कहा



रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिसमें यह कहा गया हो कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के प्रवक्ता रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस, भारत को लेकर ट्रम्प की टिप्पणियों का विश्लेषण कर रहा है। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली की तरफ से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

पेस्कोव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीदना रोकने पर सहमति जताई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की थी कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला टैरिफ 50% से घटाकर 18% करने पर सहमति दी है। इसके बदले में ट्रम्प का दावा है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी रुकावटें भी कम करेगा। भारत ने उनकी इस घोषणा पर न तो स्वीकार किया है और न ही खारिज किया है। यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद बढ़ी रूसी तेल की खरीद फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर सैन्य हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू हो गया, जो अब तक जारी है। इस युद्ध के कारण रूस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए, खासकर उसके तेल और गैस सेक्टर पर। इन प्रतिबंधों की वजह से रूस को अपना कच्चा तेल सस्ते दामों पर बेचने के लिए नए खरीदार ढूंढने पड़े। इसी दौरान भारत ने रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदना शुरू किया। वित्त वर्ष 2024ह्न25 में भारत और रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का था।

### अमेरिका ने अरब सागर में ईरानी ड्रोन को मार गिराया:

# अमेरिकी वॉरशिप के पास पहुंचा था; ईरान 1000 ड्रोन्स तैयार करने का दावा कर चुका






**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका ने मंगलवार को अरब सागर में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, ईरान का शाहेद-139 ड्रोन अमेरिकी नौसेना के ह्वयर अब्राहम लिंकनह्न एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) के पास पहुंच गया था।

अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बयान के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने आत्मरक्षा में ऋ35उ फाइटर जेट से ईरानी ड्रोन को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसे ईरान की तरफ से एक ह्वआक्रामकह्न व्यवहार बताया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ड्रोन किस मकसद से तैनात किया गया था। अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किये गए नॉन-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली। इसके चलते फोर्स का इस्तेमाल किया गया। इस घटना पर ईरान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, अमेरिका से तनाव के चलते ईरान ने 30 जनवरी को कहा था कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं।

### अमेरिका-ईरान में तनाव के बीच 6 फरवरी को अहम बैठक

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और वाताओं को फिर से शुरू करने के प्रयास जारी हैं। दोनों देशों के बीच शुक्रवार को तुर्किये में महत्वपूर्ण बैठक होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ, उनके दामाद और सलाहकार जेरेड कुशनेर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची इस बैठक में शामिल होंगे। साथ ही तुर्किये, कतर और मिस्र के वरिष्ठ अधिकारियों के भी मौजूद रहने की संभावना है। कुछ सूत्रों के मुताबिक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों के प्रतिनिधि भी इसमें भाग ले सकते हैं।

### दावा- ईरान में प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ:गर्भाशय निकाले, सिर की खाल नोची गई; सबूत छिपाने के लिए शव जलाए



**ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान**

ईरानी-जर्मन पत्रकार मिशेल अब्दोल्लाही ने ईरानी सरकार पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सुरक्षा बलों ने विरोध करने वाली महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और म्यूटिलेशन (विकलांग करना) को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि वह लोगों में ज्यादा से ज्यादा डर पैदा कर सके और संघर्ष रुक जाए।

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दोल्लाही ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी मिली है। उनके अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है, उनके गर्भाशय निकाल दिए जाते हैं, सिर की खाल उनके बालों सहित उतार दी जाती है और शरीर पर सिगरेट के जलने के निशान छोड़ दिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के शव बहुत कम या बिल्कुल नहीं लौटाए जाते क्योंकि शासन उन्हें पहले जला देता है ताकि यातना के निशान छिप जाएं। अब्दोल्लाही ने आरोप लगाया कि ईरान का इस्लामिक गणराज्य, खामेनेई के नेतृत्व में अपने लोगों के खिलाफ बलात्कार को हथियार बनाता है। यहां तक कि बच्चों के साथ भी ऐसी ही हिंसा की जा रही है।

### गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों को जबरन नग्न किया, इंजेक्शन दिए

जर्मन अखबार डाई वेल्ट ने भी प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से ऐसी ही घटनाओं की रिपोर्ट की है। एक गवाह ने बताया कि अधिकारियों ने घायल महिलाओं को कूड़े के ढेर की तरह गाड़ियों में लोड किया और कहा, ₹हम तुम्हें अभी नहीं मारेंगे। पहले बलात्कार करेंगे, फिर मारेंगे।₹

इसके अलावा, ईरान में हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को जबरन नग्न किया गया और अज्ञात पदार्थों के इंजेक्शन दिए गए। द गार्जियन अखबार ने भी केरमानशाह शहर में 16 साल की एक लड़की सहित कई प्रदर्शनकारियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना रिपोर्ट की, जहां सुरक्षा बलों ने डंडो से उनके शरीर को गलत तरीके से छुआ और बुरी तरह पीटा।

### ईरान में महिलाओं ने हिजाब उतार विरोध जताया था

ईरान में 28 दिसंबर से शुरू हुई हिंसा 15 जनवरी तक चली थी। ये प्रदर्शन अब तक के सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक माने जा रहे हैं। इनमें 5000 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी। यह हिंसा महंगाई के खिलाफ भड़की थी। ईरानी मुद्रा रियाल की कीमत इतिहास में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। 1 अमेरिकी डॉलर की कीमत लगभग 1,455,000 से 1,457,000 रियाल (ओपन मार्केट रेट) हो गई। चाय, ब्रेड जैसी रोजमर्रा की चीजें भी बहुत महंगी हो गईं। कई लोग पुरानी राजशाही (शाह का शासन) वापस लाने की मांग कर रहे थे।

इस दौरान महिलाओं ने हिजाब न पहनने, मोटरसाइकिल चलाने, खामेनेई की तस्वीरों को जलाकर और सिगरेट जलाने जैसी हरकतों से विरोध जताया था।

### रिपोर्ट- ईरान में लगभग 5000 प्रदर्शनकारियों की मौत हुई थी

प्रदर्शनों को कुचलने के लिए ईरान में 8 जनवरी से इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय संचार बंद कर दिया गया था। मिलिशिया और यहां तक कि इराक से 5,000 शिया लड़ाकों को भी तैनात किया गया। सरकार और ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स एजेंसियों ने मौत का आंकड़ा भी अलग-अलग बताया। ईरान की सरकारी एजेंसी ने 3,117 मौतें बताईं, जिनमें से ज्यादातर सुरक्षा बलों या निर्दोष लोगों की बताई गईं।

### 13 साल के ऑस्ट्रेलियाई बच्चे ने 4 घंटे तैरकर मां और भाई-बहन की जान बचाई

**ब्रह्मास्त्र ›› आस्ट्रेलिया**

13 साल के ऑस्ट्रेलियाई बच्चे ऑस्टिन एपलबी ने समंदर में करीब 4 घंटे लगातार तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में दूर निकल गए। ऑस्टिन एपलबी का परिवार पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के क्विंडालुप के पास समुद्र में एक छुट्टी बिताने आया था। पर्थ से आए परिवार ने होटल के पास पैडल बोर्ड किराए पर लिए थे। तेज हवाओं और ऊंची लहरों के कारण उनकी बोट पटल गई। ऑस्टिन ने कहा, ह्नलहरें बहुत बड़ी थीं। मैं बस सोचता रहा, ह्वबस तैरते रहो, बस तैरते रहो।ह्न आखिरकार मैं किनारे पहुंचा और वहीं गिर पड़ा।ह्व किनारे पहुंचकर शाम करीब 6 बजे उन्होंने पुलिस और बचाव टीम को सूचना दी। इसके बाद रेस्क्यू टीम पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

# इटली के पूर्व पीएम बोले- ग्लोबल ऑर्डर मर चुका

### अमेरिका फायदे नजरअंदाज कर अपने खर्च गिनाता है, चीन सस्ता माल डंप करता है

**ब्रह्मास्त्र ›› इटली**

इटली के पूर्व पीएम मारियो द्रागी ने दावा किया है कि ग्लोबल ऑर्डर मर चुका है। उन्होंने यह बयान बेल्जियम की ल्यूवेन यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित एक समारोह में दिया। द्रागी ने कहा कि जो लोग ये चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा ग्लोबल इकोनॉमिक ऑर्डर टूट रहा है, वे सही हैं।

द्रागी यह भी कहा कि असली खतरा इसके टूटने से नहीं है, बल्कि इस बात से है कि इसकी जगह क्या लेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को एक ऐसे अमेरिका का सामना करना पड़ रहा है जो ये कहता है कि उसने बहुत ज्यादा कीमत चुकाई है, लेकिन ये नहीं देखता कि उसे कितने फायदे मिले हैं। वहीं चीन पर आरोप लगाया कि वो ग्लोबल सप्लाई चेन के अहम हिस्सों को अपने कंट्रोल में रखता है। इस ताकत का इस्तेमाल बाजारों





में सस्ता माल डंप करने, जरूरी चीजों की सप्लाई रोकने और अपनी आर्थिक गड़बड़ियों का बोझ दूसरों पर डालने के लिए करता है। मारियो द्रागी ने कहा कि दुनिया में अपनी ताकत बढ़ानी है, तो यूरोपीय यूनियन के देशों को एकजुट होने से डरना नहीं चाहिए।


मारियो द्रागी ने कहा कि दुनिया में अपनी ताकत बढ़ानी है, तो यूरोपीय यूनियन के देशों को एकजुट होने से डरना नहीं चाहिए।

### द्रागी बोले- यूरोप अंदर से बंट सकता है

द्रागी ने चेतावनी दी कि ऐसे हालात में यूरोप को खतरा है कि वह कमजोर पड़ सकता है, अंदर से बंट सकता है और उसकी इंडस्ट्री सिस्टम भी कमजोर हो सकती है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय यूनियन (एव) को जल्द से जल्द अपनी व्यापार नीति में बदलाव करना चाहिए और जरूरी सप्लाई चेन में अपनी स्थिति मजबूत करनी चाहिए, क्योंकि देशों के बीच प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। द्रागी ने कहा कि बदलती ग्लोबल ताकतों के दौर में यूरोप को अब सिर्फ देशों के ढीले-ढाले समूह की तरह नहीं, बल्कि एक मजबूत यूनियन की तरह काम करना होगा। द्रागी ने कहा कि यूरोप ने जब व्यापार, बाजार, कॉम्पिटिशन और करेंसी जैसे मामलों में मिलकर काम किया है, वहां उसे एक मजबूत ताकत माना गया। लेकिन जहां डिफेंस, इंडस्ट्री और विदेश नीति में सब देश अलग-अलग चलते हैं, वहां यूरोप को छोटे-छोटे देशों का बिखरा हुआ समूह समझा जाता है, जिसे आसानी से अलग-अलग करके दबाया जा सकता है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | = | 34 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | = | 108 / 60 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | व | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | ख | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | य | दि | ग | क | सो |
| धु | वी | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | री | लं | ज | जो | ग | व | व |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | र्ज | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | ब | नी | प | ल | न | ण |
| बे | व | म | वया | वि | त्या | री | म | प | क | |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | वी | लो | मि | या | ल | ज | र | बा | त | थ |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ





# नॉर्वे की राजकुमारी का एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार नाम

## यौन अपराधी भेजता था फ्लर्टी मैसेज, लिखा था- मैं पत्नी की तलाश में हूं

**नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंध सामने आने से विवाद छिड़ गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से 30 जनवरी को जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में प्रिंसेस नाम का 1 हजार से ज्यादा बार आया है। नॉर्वे के अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, इन फाइलों में मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 2011 से 2014 के दौरान हुए कई ईमेल शामिल हैं। दोनों के बीच लंबे समय तक संपर्क रहा।**





मेटे-मारिट अपने बेटे मारियस बोर्ग होइबी के साथ एक इवेंट में जाते हुए।

### मेटे-मारिट के बेटे पर आज से मुकदमा शुरू

ये खुलासे ऐसे समय में हुए हैं जब रॉयल फैमिली के लिए मुश्किल का दौर चल रहा है। मेटे-मारिट के बेटे मारियस बोर्ग होइबी पर बलात्कार का मुकदमा जिला अदालत में मंगलवार यानी आज से शुरू हुआ है। 29 साल के मारियस पर चार महिलाओं के साथ बलात्कार सहित कुल 38 अपराधों के आरोप हैं, जिसमें हमला, ड्रग्स और अन्य मामले शामिल हैं। अगर दोषी पाया गया तो उन्हें 16 साल तक की सजा हो सकती है। मारियस इन आरोपों से इनकार करते हैं। क्राउन प्रिंस हाकॉन ने कहा कि वे और मेटे-मारिट मुकदमे में नहीं जाएंगे। मेटे-मारिट इस दौरान निजी यात्रा पर रहेंगी।

## एपस्टीन ने बताया था कि पत्नी की तलाश में पेरिस आया

एक मेल में एपस्टीन ने मेटे-मारिट को बताया कि वो शादी करना चाहता है और पत्नी की तलाश में पेरिस आया है। उसने फ्लर्टी मैसेज करते हुए कहा था कि पेरिस अफेयर और अवैध संबंध बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन पत्नी ढूंढनी हो तो स्कैंडिनेवियाई (नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) महिलाएं ज्यादा अच्छी और वफादार पत्नी होती हैं। इसपर मेटे-मारिट ने जवाब दिया, ह्यमुझे अभी भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि आप सच में पत्नी की तलाश कर रहे हैं ह्ल मेटे-मारिट का जन्म नॉर्वे में हुआ था। यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं।

### मेटे बोली- एपस्टीन की बातें मुझे गुदगुदाती हैं

एक ईमेल में मेटे ने एपस्टीन से पूछा था कि क्या अपने 15 साल के बेटे के वॉलपेपर के लिए दो न्यूड लड़कियों की फोटो (सर्फबोर्ड के साथ) लगाना ठीक रहेगा? एक अन्य ईमेल में उन्होंने एपस्टीन को आकर्षक बताया था। नॉर्वे के मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, निजी ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन से कहा था, ह्यतुम्हारी बातें मुझे गुदगुदाती हैं ह्ल कुछ ईमेल में उन्होंने उन्हें ह्यसॉफ्ट हार्टेडह्ल और ह्यस्वीटहार्टह्ल भी लिखा। दोनों की दोस्ती सामने आने के बाद शनिवार को मेटे-मारिट ने एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर माफी मांगी।

### तीन बार एपस्टीन से मिली थीं मेटे

फाइलों में कई ईमेल दिखाते हैं कि दोनों काफी करीबी थे। एक ईमेल के जरिए पता चला कि जब मेटे-मारिट बीमार थीं, तब एपस्टीन ने उनके लिए फूल भेजे थे। मेटे-मारिट ने फूलों के लिए शुक्रिया अदा किया और लव, (मेटे-मारिट) के नाम से साइन किया।



### एपस्टीन केस की पूरी कहानी क्या है

इसकी शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को ह्यमसाजह्ल के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया। जब उसने घर लौटकर यह बात अपने माता-पिता को बताई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत की। तब पहली बार जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज हुई। पुलिस जांच के दौरान यह



सामने आया कि यह अकेला मामला नहीं है। धीरे-धीरे करीब 50 नाबालिग लड़कियों की पहचान हुई, जिन्होंने एपस्टीन पर ऐसे ही आरोप लगाए। पाम बीच पुलिस डिपार्टमेंट ने इस मामले को गंभीरता से लिया और कई महीनों तक छानबीन की। इसके बाद एपस्टीन के खिलाफ क्रिमिनल जांच शुरू हुई। मामले की जांच से पता चला कि एपस्टीन के पास मैनहट्टन और पाम बीच में शानदार विला है। एपस्टीन यहां हाई-प्रोफाइल पार्टियां करता था, जिसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल होती थीं। एपस्टीन अपने निजी जेट ह्यलोलिता एक्सप्रेसह्ल से पार्टियों में कम उम्र की लड़कियां लेकर आता था। वह लड़कियों को पैसों-गहनों का लालच और धमकी देकर मजबूर करता था। इसमें एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और पार्टनर गिस्लीन मैक्सवेल उसका साथ देती थी। हालांकि शुरुआती जांच के बाद भी एपस्टीन को लंबे समय तक जेल नहीं हुई। उसका रसूख इतना था कि 2008 में उसे सिर्फ 13 महीने की सजा सुनाई गई, जिसमें वह जेल से बाहर जाकर काम भी कर सकता था।

### मेटे बोलीं- 2014 में एपस्टीन से संपर्क तोड़ दिए थे

ये बातें एपस्टीन के 2008 में नाबालिग से वेश्यावृत्ति के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद की हैं। 2011 के एक ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन को बताया कि उन्होंने एपस्टीन पर चल रहे मुकदमे को गूगल किया और कहा कि यह अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन उन्होंने संपर्क जारी रखा।

शनिवार को राजघराने की ओर से जारी बयान में मेटे-मारिट ने बताया कि 2014 में उन्होंने संपर्क तोड़ दिया था क्योंकि एपस्टीन उनका फायदा अपने मतलब के लिए उठाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने एपस्टीन केस की पीड़ितों के लिए गहरी संवेदना और एकजुटता जताई। मेटे-मारिट ने कहा कि वे इन सब के लिए खुद जिम्मेदार हैं क्योंकि उन्होंने एपस्टीन की पृष्ठभूमि की ठीक से जांच नहीं की और जल्दी समझ नहीं पाईं कि वह कैसा व्यक्ति है।

### मारियस के पास कोई रॉयल टाइटल नहीं है

मारियस होइबी, क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट और क्राउन प्रिंस हाकॉन की शादी से पहले के रिश्ते से पैदा हुए थे। इसलिए मारियस को कभी रॉयल टाइटल नहीं दिया गया। इसका मतलब है कि वो सिंहासन के उत्तराधिकारी नहीं है।

रॉयल फैमिली ने साफ कहा है कि मारियस रॉयल हाउस के सदस्य नहीं है, वह एक आम नागरिक है। इससे फैमिली मुकदमे के प्रभाव को सीमित करने की कोशिश कर रही है। यानी यह रॉयल फैमिली का मामला नहीं, बल्कि एक आम व्यक्ति का है।

### सामान्य परिवार से निकल क्राउन प्रिंसेस बनी मेटे-मारिट

मेटे-मारिट नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस है। वे क्राउन प्रिंस हाकॉन की पत्नी हैं, जो नॉर्वे के राजा हाराल्ड पंचम के बेटे और सिंहासन के उत्तराधिकारी हैं। मेटे-मारिट का जन्म 19 अगस्त 1973 को नॉर्वे के दक्षिणी शहर क्रिस्टियानसैंड में हुआ था। उनकी उम्र अभी 52 साल है। वे एक सामान्य परिवार से आती हैं। उनके पिता स्वेन ओ. होइबी एक पत्रकार थे। उनकी मां मारित त्जेसम बैंक क्लर्क थीं। माता-पिता के तलाक के बाद मेटे-मारिट अपनी मां के साथ रहती थीं।

1997 में उन्होंने एक बेटे मारियस बोरग होइबी को जन्म दिया, जो एक ऐसे व्यक्ति से था जिसका आपराधिक इतिहास था। उस समय वे सिंगल मदर थीं और खुद को सपोर्ट करने के लिए काम करती थीं।

2000 की शुरूआत में क्राउन प्रिंस हाकॉन से उनकी मुलाकात हुई और 1 दिसंबर 2000 को उनकी सगाई हुई। 25 अगस्त 2001 को उनकी शादी हुई, जिसके बाद वे क्राउन प्रिंसेस बनीं। उनकी शादी के समय उनके पिछले जीवन और बेटे की वजह से काफी विवाद हुआ था, इसके बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में माफी मांगी थी। उनके और क्राउन प्रिंस हाकॉन के दो बच्चे हैं। मेटे-मारिट क्रॉनिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (फेफड़ों की बीमारी) से जूझ रही हैं। 2025 में बताया गया था कि उन्हें फेफड़े के ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ सकती है।

■ वर्ष-12 अंक-93 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 04 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

**भूमि: कीर्ति: यशो लक्ष्मी: पुरुषं प्रार्थयन्ति हि।**
**सत्यं समनुवर्तन्ते सत्यमेव भजेत तत:॥**

**भावार्थ** : भूमि, कीर्ति, यश और लक्ष्मी, सत्य का अनुसरण करनेवाले पुरुष की प्रार्थना करते हैं। इस लिए सत्य को हि भजना चाहिए।

**सत्यहीना वृथा पूजा सत्यहीनो वृथा जपः।**
**सत्यहीनं तपो व्यर्थमूषरे वपनं यथा॥**

**भावार्थ** : उज्जड जमीन में बीज बोना जैसे व्यर्थ है, वैसे बिना सत्य की पूजा, जप और तप भी व्यर्थ है।

## सम्पादकीयम्

### उभयपक्षेभ्यः प्रतिक्रियाः

सर्वोच्चन्यायालयस्य सुनवायी ईडी तथा इत्येतयोः द्वयोः अपि गोदीयां स्थापयति राजनैतिकपरामर्शदातृसंस्थायाः इत्यस्य उपरि छापेमारीयाः प्रकरणं सर्वोच्चन्यायालये अस्ति, यत्र ईडी इत्यनेन बङ्गालपुलिसस्य अन्वेषणे हस्तक्षेपस्य आरोपः कृतः। इदानीं ममता बनर्जी दावान् करोति यत् ईडी तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य आँकडानां विषये अवगतः आसीत्। न्यायालयेन उभयपक्षेभ्यः प्रतिक्रियाः याचिताः, एजेन्सीनां भूमिकाविषये प्रश्नाः उत्थापिताः। यदा राजनैतिकपरामर्शदातृसंस्थायाः इत्यस्य उपरि आक्रमणस्य प्रकरणं सर्वोच्चन्यायालये अद्यापि प्रचलति तदा न्यायालयस्य कार्यवाही अद्यावधि बहुधा वदति। एतेन अवश्यमेव ज्ञायते यत् द्वयोः पक्षयोः पूर्णतया निर्दोषीकरणं कठिनम् अस्ति। गम्भीर आरोप। अस्मिन् प्रकरणे सर्वोच्चन्यायालयेन बङ्गालपुलिसस्य ईडीविरुद्धस्य प्रकरणस्य अन्वेषणं कर्तुं निषेधः कृतः, सप्ताहद्वये राज्यसर्वकारात् प्रतिक्रियां याचितम्। ईडी मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी राज्यपुलिसयोः विरुद्धं गम्भीरान् आरोपं कृतवान् अस्ति, यत्र अन्वेषणे हस्तक्षेपः, प्रमाणस्य चोरी च अस्ति। ममता बनर्जी तु आरोपयति यत् आई-पैक इत्यस्य समीपे तृणमूलकाङ्ग्रेस-दत्तांशः आसीत्, ईडी-संस्थायाः एतस्य विषये अवगतम् आसीत् इति। संवैधानिक प्रतिबद्धता। न्यायालयेन अग्रिमविचाराय फेब्रुवरीमासस्य ३ दिनाङ्कः निर्धारितः अस्ति। स्पष्टतया आरोपानाम् सत्यतां निर्धारयितुं न्यायालयस्य निर्णयं प्रतीक्षितव्यं भविष्यति, परन्तु एतावता अयं प्रकरणः यथा प्रकटितः तत् कानूनप्रवर्तनसंस्थानां भूमिकायाः विषये प्रश्नान् उत्थापयति।

### लिङ्क्डइन-रिपोर्ट्-पत्रेण बेङ्गलूरु-नगरे नूतन-कार्य-प्रवृत्तिः प्रकाशिता

# यत्र एआई-इञ्जिनीयराः नगरस्य सर्वाधिकं प्रार्थितं कार्यं भवन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतस्य सिलिकन-उपत्यका इति नाम्ना प्रसिद्धस्य बेङ्गलूरु-नगरस्य नौकरी-बाजारे २०२६ तमस्य वर्षस्य आरम्भेण प्रमुखं परिवर्तनं दृश्यते इति व्यावसायिक-संजाल-साइट् लिङ्क्डइन-इत्यनेन स्वस्य नवीनतम-प्रतिवेदने प्रकाशितम् लिङ्क्डइनस्य 'जॉब्स् ऑन द राइज २०२६' इति प्रतिवेदनानुसारं 'एआई इन्जिनिय' बेङ्गलूरुनगरे द्रुततरं वर्धमानं कार्यभूमिकारूपेण उद्भूतम्, यत् नगरस्य प्रौद्योगिकी-नेतृत्वं वैश्विक-डिजिटल-सेवासु नित्यं वर्धमानं उपस्थितिं च प्रतिबिम्बयति

प्रतिवेदनस्य आतङ्कजनकाः आँकडाः ज्ञापयन्ति यत् २०२६ तमे वर्षे प्रायः ७२ प्रतिशतं व्यावसायिकाः नूतनं कार्यं अन्विषन्ति, परन्तु तेषु तृतीयाधिकाः जनाः अस्य परिवर्तनस्य कृते सज्जाः न अनुभवन्ति। अध्ययनेन ज्ञातं यत् द्रुतगत्या परिवर्तनशीलप्रौद्योगिक्याः कारणेन प्रायः ३८ प्रतिशतं कर्मचारिणः कौशलान्तरस्य सामनां कुर्वन्ति, यदा तु ३७ प्रतिशतं जनाः चिन्तिताः सन्ति यत् ते वर्धमानप्रतिस्पर्धायाः मध्ये कथं स्वं भिन्नं करिष्यन्ति इति। बेङ्गलूरुदेशे ए.आइ.इञ्जिनीयरस्य कृत्रिमबुद्धिनिदेशकस्य च भूमिका द्वितीयस्थाने अस्ति, यत् एतत् प्रकाशयति यत् कम्पनयः न केवलं प्रौद्योगिक्याः उपयोगं कर्तुं अपितु नेतृत्वं प्रदातुं अपि पश्यन्ति।

परन्तु एषा सूची केवलं सूचनाप्रौद्योगिकीक्षेत्रे एव सीमितः नास्ति, यतः प्राध्यापकः तृतीयस्थाने अस्ति तथा च वैश्विकविक्रयस्य उपाध्यक्षः चतुर्थे स्थाने अस्ति, अस्मिन् द्रुतगत्या वर्धमानानाम् कायार्णां सूचीयां। उत्पाद-इञ्जिनीयरिङ्ग-निदेशकः, महाप्रबन्धकः व्यापार-विकासः, गोदाम-दल-नायकः, आईटी-लेखापरीक्षकः, कानूनी-विश्लेषकः, संस्थापकः च इत्यादीनां भूमिकाः अपि शीर्ष-दश-स्थानेषु स्थानं प्राप्तवन्तः। अस्मिन् परिवर्तने टिप्पणीं कुर्वन्ती लिङ्क्डइन-इण्डिया-न्यूज-संस्थायाः वरिष्ठ-प्रबन्धन-सम्पादिका, करियर-विशेषज्ञः च निजीर्ता-बनर्जी-इत्यनेन उक्तं यत् बेङ्गलूरु-नगरस्य कार्य-बाजारे अधुना एतादृशानां व्यावसायिकानां आवश्यकता वर्तते, ये न केवलं स्वक्षेत्रे विशेषज्ञाः सन्ति, अपितु उदयमान-प्रौद्योगिकीषु अनुकूलतां प्राप्तुं क्षमता अपि सन्ति यथा ए.आइ. तस्याः मते नियुक्तिः केवलं शुद्धप्रौद्योगिक्याः कृते एव सीमितं नास्ति; डिजाइन-परामर्शक्षेत्रेषु अपि बृहत्-परिमाणेन नियुक्तिः भवति, यत्र एआइ-ज्ञानयुक्तानां अभ्यर्थीनां प्राथमिकता भवति। अस्य प्रतिवेदनस्य अन्यः रोचकः पक्षः अस्ति यत् भारते ९४ प्रतिशतं व्यावसायिकाः स्वस्य कायार्नुसन्धाने एआइ-उपकरणानाम् उपयोगेन सहजतां अनुभवन्ति, परन्तु तदपि ४८ प्रतिशतं जनाः अनिश्चिताः सन्ति यत् ते भर्तीप्रक्रियायां एआइ-इत्यस्य वर्धमानस्य घुसपैठस्य मध्ये कथं स्वं भिन्नं करिष्यन्ति इति।

### वित्तीयसंरचनायाः

# आन्तरिकलोकपालः औपचारिकः नाममात्रः वा व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अस्य अर्थः अस्ति यत् बैंकिंग् इत्यस्मात् आरभ्य डिजिटल-देयता-ऋण-रिपोर्टिंग-पर्यन्तं प्रायः सम्पूर्णं वित्तीय-पारिस्थितिकीतन्त्रं आच्छादितं भविष्यति। एतेन स्पष्टतया ज्ञायते यत् उपभोक्तृसंरक्षणं कस्मिन् अपि एकस्मिन् क्षेत्रे सीमितं न भविष्यति, अपितु सम्पूर्णे वित्तीयसंरचनायाः समानरूपेण प्रवर्तते। आन्तरिकलोकपालः औपचारिकः नाममात्रः वा व्यवस्था न भविष्यति इति अपि आरबीआइ स्पष्टीकृतवती अस्ति। आन्तरिकलोकपालस्य नियुक्त्यर्थं एकस्य व्यक्तिस्य आवश्यकता भविष्यति यः सेवानिवृत्तः वरिष्ठः अधिकारी वा सेवारतः अधिकारी वा सम्बन्धितसंस्थायां महाप्रबन्धकस्य समकक्षं पदं धारयति। अनुभवस्य दृष्ट्या अभ्यर्थिनः बैंकिंग्, गैर-बैङ्कवित्तं, नियमनं, पर्यवेक्षणं, भुगतानं निपटानप्रणाली, ऋणसूचना, उपभोक्तृसंरक्षणम् इत्यादिषु क्षेत्रेषु न्यूनातिन्यूनं सप्तवर्षेभ्यः पर्याप्तः अनुभवः भवितुमर्हति। उद्देश्यं भवति यत शिकायतां समीक्षां कुर्वन् व्यक्तिः न केवलं तान्त्रिकदृष्ट्या सक्षमः भवति अपितु ग्राहकस्य दृष्टिकोणं अपि अवगच्छति।

आन्तरिकलोकपालस्य भूमिकायाः विषये आरबीआइ इत्यनेन अपि स्पष्टीकृतं यत् एतत् कार्यालयं ग्राहकानाम् प्रत्यक्षतया शिकायतां न स्वीकुर्यात्। अस्य भूमिका तादृशानां प्रकरणानाम् समीक्षा भविष्यति येषां पूर्वमेव सम्बन्धितबैङ्केन अथवा वित्तीयसंस्थायाः अन्वेषणं कृतम् अस्ति, परन्तु आंशिकरूपेण समाधानं कृतम् अथवा पूर्णतया अङ्गीकृतम् अस्ति। एवं च आन्तरिकलोकपालः संस्थायाः अन्तः उच्चस्तरीयसमीक्षाप्राधिकरणरूपेण कार्यं करिष्यति, शिकायतनिराकरणप्रक्रिया न्यायपूर्णा आसीत् वा ग्राहकस्य प्रति अन्यायः कृतः वा इति आकलनं करिष्यति।

# सामाजिकचक्षुषा अन्यस्य भक्तेः न्यायः कोऽपि न कर्तव्यः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सञ्चयार्थं स्वस्य सम्मुखमेव स्थितं सच्चिदानन्दं (दरिद्रं बालकं) ज्ञातुं असफलः भवति अपरं तु लघुसमूहः अपि भक्तस्य रक्षणाय आगतः। तेषां मते धार्मिका विश्वासः व्यक्तिगतः विषयः अस्ति, सामाजिकचक्षुषा अन्यस्य भक्तेः न्यायः कोऽपि न कर्तव्यः। समर्थकाः वदन्ति यत् दुग्धभिषेकः भक्ति-शुद्धतायाः, कृतज्ञतायाः च प्रतीकं भवति, तस्य आध्यात्मिकं प्रयोजनं च भिन्नम् अस्ति। तेषां मते नद्यां दुग्धं पातुं गंगामातुः सम्मानस्य भागः अस्ति, सामाजिककार्यरूपेण न द्रष्टव्यम्। समाजे दारिद्र्यनिवारणं सर्वकारस्य संस्थानां च कार्यम्, न तु भक्तस्य संस्कारे हस्तक्षेपं कृत्वा तस्य स्थाने अन्यं स्थापनम् इति तेषां मतम्। परन्तु अस्याः घटनायाः कारणात् मन्दिरेषु, पवित्रस्थलेषु च नैवेद्यस्य अपव्ययस्य विषये पुनः ध्यानं जातम्।

## राशिफल

**मेष** : परिवार का सहयोग मिलेगा और किसी करीबी से बातचीत मन को हल्का कर सकती है।

**वृषभ** : घर-परिवार में माहौल शांत रहेगा। सेहत ठीक रहेगी, लेकिन खान-पान पर ध्यान देना जरूरी है।

**मिथुन** : खर्च बढ़ने की संभावना है। सेहत को लेकर ज्यादा चिंता की बात नहीं है, लेकिन मानसिक तनाव से बचें।

**कर्क** : सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन थकान और नींद की कमी महसूस हो सकती है। खुद के लिए भी थोड़ा समय निकालें।

**सिंह** : कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन खान-पान में लापरवाही न करें।

**कन्या** : सेहत को लेकर सावधानी बरतें, खासकर पेट से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। पैसों में स्थिति मजबूत रहेगी।

**तुला** : मानसिक तनाव महसूस हो सकता है, इसलिए खुद को समय दें। सेहत सामान्य रहेगी।

**वृश्चिक** : कुछ समय अपने लिए भी निकालें। दोस्तों की मदद से कोई अटका काम पूरा हो सकता है।

**धनु** : आपके पास किसी प्रोजेक्ट को शुरू करने या मैनेजमेंट के सामने पेश करने के मौके होंगे।

**मकर** : सेहत पर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। आगे चलकर नए मौके भी मिलेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**कुंभ** : मन हल्का महसूस होगा। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। इससे गलतफहमी नहीं होगी। पैसों में सेविंग पर ध्यान दें।

**मीन** : सेहत ठीक रहेगी, बस लापरवाही न करें। दिल के मामलों में खुद को तलाशें। दिन की शुरूआत में कुछ चुनौतियों आएंगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# साल 2026 ही नहीं 27 तक भी बढ़ी रहेंगी 3 राशि वालों की परेशानियां

ज्योतिष शास्त्र में शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इस समय मानसिक दबाव, पारिवारिक चिंताएं और कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। इसलिए जातकों को संयम और धैर्यवान बने रहना चाहिए।

ज्योतिषियों के मुताबिक, 2026 कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से चुनौतियों से भरा रहने वाला है। इस समय इन जातकों को शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव झेलना पड़ सकता है। बता दें, वर्तमान में मेष, कुंभ और मीन राशि के जातकों पर साढ़ेसाती का साया बना हुआ है। यह प्रभाव अगले वर्ष यानी 2027 तक भी रहने वाला है। ऐसे में साढ़ेसाती का समय इन जातकों के जीवन में चुनौतियों के साथ-साथ सीख और परिपक्वता भी लेकर आता है। हालांकि, इन राशि वालों को कार्यक्षेत्र में मेहनत अधिक करनी पड़



सकती है, लेकिन इसका फल धीरे-धीरे प्राप्त होगा। वहीं, आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत मिलेंगे, परंतु जल्दबाजी से बचना होगा। ऐसे में आइए साढ़ेसाती का प्रभाव और उपाय जानते हैं।

**मेष राशि** – मेष राशि वालों को धैर्य रखने की आवश्यकता रहेगी। नए काम का प्रारंभ सोच-विचार व अनुभवियों की सलाह से करना उचित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी और तनाव की स्थिति अन्य परेशानियां पैदा कर सकती हैं। शॉर्टकट न अपनाएं अन्यथा धन के साथ मानहानि भी झेलनी पड़ सकती है। रिश्तों में थोड़ी अनबन होगी, जिस कारण मानसिक रूप से थकावट महसूस करेंगे।

**उपाय**– शनिवार को शनिदेव को काले तिल अर्पित करें। इससे नकारात्मकता दूर होती हैं।

**कुंभ राशि** – कुंभ राशि वालों को विदेश यात्रा से लेकर निवेश तक के क्षेत्रों में खास सावधानी रखने की आवश्यकता रहेगी। सेहत आपको परेशान करेगी और कमजोरी जैसा आपको महसूस हो सकता है। स्वजनों के साथ गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। आप व्यापार को लेकर थोड़े अगर परेशान चल रहे हैं, तो किसी भी तरह की जल्दबाजी न करें। प्रेम विवाह में बाधाएं आएंगी।

**उपाय**– काली चीजों का दान करें और शनिदेव की उपासना करें।

**मीन राशि** – नए लोगों से संभलकर मित्रता करना आपके लिए अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य के सम्बन्ध में भी सावधानी रखने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान आर्थिक दिक्कतें रह सकती हैं और वाहन खरीदने की इच्छा पूरी करने में दिक्कतें आएंगी। कोर्ट-कचहरी से जुड़ा फैसला आपको परेशान करेगा। सरकारी कार्यों में बाधाएं आएंगी। काम को पूरा करने में अधिक परिश्रम करने होंगे।

**उपाय**– शनिवार को पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाएं।

## खबर एक नजर...

### वॉल्व बंद करने पर ग्रामीणों ने किया सुपरवाइजर पर हमला

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पानबडोदिया में रहने वाला जितेन्द्र पिता जुझारसिंह राजपूत 34 साल नर्मदा सिंचाई लाइन में सुपरवाइजर है। सोमवार-मंगलवार रात 11 बजे वह पेट्रोलिंग पर निकला था। ग्राम बडोदिया काजी में उसने पाइन लाइन से पानी बहता देखा तो वॉल्व बंद कर दिया। लाइन से पानी खेतों में सिंचाई के लिये जा रहा था। खेत मालिकों तूफान, अरविंद और माखन को पानी बंद होने का पता चला तो वह पहुंचे और जितेन्द्र से वॉल्व चालू करने के लिये कहा। उसे पानी बर्बाद होने की बात कहीं तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में जितेन्द्र घायल हो गया, उसने परिजनों को सूचना दी। ईश्वरसिंह उसे थाने लेकर पहुंचा। जहां पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जितेन्द्र को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। परिजन उसे उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने भर्ती किया है।

### घर से लापता बालिका 2 दिन बाद बदनावर में मिली

**उज्जैन।** घर से लापता हुई 15 साल की बालिका को बड़नगर थाना पुलिस ने 2 दिनों की तलाश के बाद बदनावर से खोज निकाला। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। बालिका की तलाश के लिये थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने एसआई चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे और आरक्षक मनोज बैरागी की टीम का गठन किया था।टीम ने सीसीटीवी कैमरों और तकनीकी साक्ष्य से बालिका को दस्तयाब किया और बड़नगर लेकर आये। जहां सामने आया कि परिवार से नाराज होकर उसने घर छोड़ दिया था। वह माता-पिता के साथ रहना नहीं चाहती है। पुलिस ने उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। थाना प्रभारी के अनुसार बालिका को शासकीय बालिका गृह उज्जैन भेजा गया है। जहां काउसिलिंग कराई जायेगी।

### पुलिस थाने के सामने तेजगति से दौड़ा आटो पलटा

**उज्जैन।** खाचरौद पुलिस थाने के सामने स्टेशन जाने वाले मार्ग पर सोमवार रात तेजगति से दौड़ता आटो पलटी खा गया। जिसमें सवार बबलू पिता दयाराम पडिहार 40 साल निवासी छोटी शीतला माता मंदिर के पास खाचरौद घायल हो गया। उसकी पत्नी लक्ष्मीबाई को भी मामूली चोट आई। घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची गई थी। चालक भाग निकला था। पुलिस ने आटो को जप्त कर घायल बबलू की पत्नी की शिकायत पर आटो चालक के खिलाफ तेजगति और लापरवाही पूर्वक चलाने का मामला दर्ज किया है।

### शराब दुकान के सामने युवक से मारपीट

**उज्जैन।** देवासरोड स्थित नरवर थाना क्षेत्र के मेन रोड पर शराब दुकान के सामने रोहित पिता रतनलाल राठौर निवासी ग्राम बोलासा को 3-4 युवकों ने रोक लिया और शराब पीने के रुपए मांगने लगे। रोहित ने रुपए देने से मना किया तो आरोपियों ने ईंट से हमला कर दिया। वहीं थप्पड़-मुक्के से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। रोहित की शिकायत पर नरवर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू किये है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |

1 5 6

## रात 10.30 बजे पाटीदार ब्रिज पर स्कूटी-कार की भिड़ंत

# एक की मौत, दूसरा घायल, टीआई ने पहुंचाया अस्पताल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात 10.30 बजे के लगभग पाटीदार ब्रिज पर स्कूटी और कार के बीच भिड़ंत हो गई। मौके से गुजर रहे टीआई ने दुर्घटना देखी तो तत्काल घायल स्कूटी सवारों को चरक अस्पताल तक पहुंचाया, लेकिन एक की मौत हो चुकी थी। दूसरा गंभीर घायल है, जिसका उपचार चल रहा है।

जीवाजीगंज थाना टीआई विवेक कनोडिया रात में भोजन करने घर जा रहे थे, उसी दौरान पाटीदार ब्रिज पर स्कूटी सवार 2 युवको को घायल हालत में पड़ा देखा। उन्होने अपनी गाड़ी रोकी और जानकारी ली तो सामने आया कि इनोवा कार ने टक्कर मारी है। दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो चुके थे। टीआई ने दोनों को अपनी गाड़ी से चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां सामने आया कि एक युवक की मौत हो चुकी है। दूसरा घायल है, जिनसे शराब का सेवन कर रखा है। उसे उपचार के लिये भर्ती कराया। इस दौरान माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती भी दुर्घटना की खबर मिलने पर पाटीदार ब्रिज पहुंच गये थे, दुर्घटनास्थल देवासगेट थाना क्षेत्र का होने पर उन्हे सूचना दी गई। इधर अस्पताल में टीआई कनोडिया ने बताया कि मृतक का नाम शेरा उर्फ सूरज निवासी पंवासा मल्टी सामने आ रहा था। उसका घायल साथी कान्हा है। उनके कुछ साथी अस्पताल पहुंचे थे, जिनके द्वारा शादी के बाने से लौटना बताया जा रहा था। फिलहाल दोनों के परिजनों तक दोस्तों के माध्यम से सूचना पहुंचाई गई है। मामले की जांच संबंधित थाना पुलिस द्वारा की जायेगी।



### मक्सीरोड पर हुई थी एम्बुलेंस और बाइक की टक्कर

मक्सीरोड पर सोमवार-मंगलवार रात एम्बुलेंस और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। जिसमें एक 17 साल के युवक की मौत हो गई थी और 2 गंभीर घायल हुए थे। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि रात में ताजपुर चौपाटी के समीप रात में एम्बुलेंस और बाइक के भी आमने-सामने की टक्कर होने की जानकारी सामने आने पर पुलिस पहुंची थी। बाइक पर सवार समीर पिता आशिक शाह 17 साल निवासी बिसनखेड़ी इंदौर की मौत हुई थी। वहीं ग्राम ब्यावरा के रहने वाली आमीन और रेहान घायल है। मंगलवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि समीर शाजापुर में रहने वाले रिश्तेदार के यहां हुई गमी के कार्यक्रम में गया था। जहां से जीजा आमीन और दोस्त रेहान के साथ वापस लौट रहा था। समीर सरिया सेंटिंग का काम करता था। थाना प्रभारी के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक एम्बुलेंस छोड़ भाग निकला था। प्रारंभिक जांच में एम्बुलेंस शाजापुर के निजी अस्पताल की सामने आई है। जो मरीज को उज्जैन छोड़ने के बाद वापस शाजापुर लौट रही थी।

## ठक-ठक गैंग से बरामद नहीं हुई 15.80 लाख की राशि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तमिलनाडू के तिरूचिरापल्ली से ठक-ठक गैंग के 7 बदमाशों को नानाखेड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बदमाशों ने 30 दिसंबर 2025 की शाम कॉसमॉस माल के पास प्रार्पटी बोकर्स आकाश लश्करी की कार का कांच फोड़कर 20 लाख से भरा बेग उड़ा था। गैंग के 3 बदमाशों को जेल भेजने के बाद 4 बदमाशों को 9 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस बदमाशों से बेग में रखे 20 लाख में से मात्र 4.20 लाख ही बरामद कर पाई। शेष राशि की रिकवरी नहीं हो पाई है। गैंग का एक साथी फरार है, उसका भी पता नहीं चल पाया। मंगलवार को रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने चारों बदमाशों को न्यायालय में पेश किया। जहां से भैरवगढ़ जेल भेजा गया है। ठक-ठक गैंग ने महाकाल और माधवनगर थाना क्षेत्र में 2 श्रद्धालुओं की कारों के कांच फोड़कर बेग उड़ाये थे। गैंग ने 29 जनवरी को महाकाल थाना क्षेत्र स्थित हरसिद्धी पाल पार्किंग में पुणे से धार्मिक यात्रा पर आये दीपक पांडे की कार का कांच फोड़कर बेग उड़ाया था। उक्त मामले में पूर्व में नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा जेल भेजे गये एक बदमाश नित्याआनंथम को रिमांड पर लिया था। उसने अपने साथी कार्तिकेय शेरवे के साथ वारदात को अंजाम दिया था। नानाखेड़ा पुलिस ने कार्तिकेय को मंगलवार जेल भेजा है। महाकाल पुलिस बुधवार को न्यायालय से उसका प्रोटेक्शन वारंट जारी कराकर पूछताछ के लिये जेल से थाने लेकर आयेगी। गैंग ने माधवनगर थाना क्षेत्र की सेठी बिल्डिंग के पास होटल क्रश के बाहर भी कांच फोड़ बेग उड़ाया था।

## इंदौर में छुपा था मारपीट का फरार इनामी बदमाश

### 10 माह बाद गिरफ्त में आया, पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मारपीट के मामले में 10 माह से फरार चल रहे इनामी बदमाश को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। बदमाश के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका था। उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि आगररोड यादव नगर में रहने वाला कपिल उर्फ नाना पिता किशोर मालवीय 24 साल अपराधिक प्रवृति का है। 10 माह पहले उसके खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज थे, जिसमें कोर्ट पेशी पर नहीं जाने के चलते उसका गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। बदमाश की लगातार तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार का इनाम भी घोषित किया था। मंगलवार को खबर मिली कि फरार इनामी बदमाश इंदौर के ग्राम अलवासा थाना बाणगंगा क्षेत्र में छुपकर रह रहा है। थाना प्रभारी ने एएसआई दिनेश सरोठिया, आरक्षक आनंद मिश्रा, योगेश शर्मा और संदीप चौधरी की टीम को धरपकड़ के लिये रवाना किया। बदमाश पुलिस की हिरासत में आ गया। जिससे उज्जैन लाया गया और दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया। थाना प्रभारी पचौरिया के अनुसार बदमाश के खिलाफ वर्ष 2019 में धारा 294, 323, 506, 427, 34 भादवी के साथ वर्ष 2025 में 2 मामले धारा 115 (2), 296, 351 (3), 324 (4), 3 (3) बीएनएस के दर्ज है।




## पुलिस ने रेस्क्यू कर उतारा नीचे, भागलपुर का निकला विक्षिप्त

# पुलिस ने रेस्क्यू कर उतारा नीचे, भागलपुर का निकला विक्षिप्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फ्रीगंज में मंगलवार शाम उस वक्त हंगामा मच गया, जब युवक नमकीन दुकान पर खड़े युवक को धक्का देकर मकान में घुस गया। लोगों ने उसे चोर समझा, युवक ने मकान का दरवाजा बंद कर लिया और छत से कूदने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने रेस्क्यू किया और नीचे उतारा। युवक भागलपुर बिहार का विक्षिप्त होना सामने आया है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के जागीदार भवन के पास शाम 7.30 बजे के लगभग नमकीन दुकान पर खरीददारी कर रहे युवक को एक अन्य युवक ने धक्का दिया और समीप तरूण मलिक के मकान में घुस गया। लोगों को लगा कि बदमाश है और वारदात की नियत से घर में घुसा है। उसे पकड़ने का प्रयास किया, मकान में घुसे युवक ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। मामले की सूचना थाना प्रभारी राकेश भारती टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक पकड़े जाने के डर से मकान की छत पर चढ़ गया। उसने गैलरी से लटक कर कूदने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे बचाने के लिये रेस्क्यू शुरू किया और समीप मकान की खिड़की से छत पर चढ़ी, लटके युवक का हाथ पकड़कर उसे ऊपर खींच गया और कस्टडी में लेकर थाने आई। थाना प्रभारी के अनुसार युवक से पूछताछ शुरू की गई तो वह बरगलाने लगा, उसकी हरकते विक्षिप्त जैसी प्रतीत हो रही थी। उसके पास से मोबाइल नम्बर मिला। जिस पर संपर्क किया तो पता चला कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बिहार के भागलपुर का रहने वाला है। उसका उपचार चल रहा था, कुछ दिन पहले भाग निकला है। उसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी ने परिजनों को उसके उज्जैन पुलिस की कस्टडी में होने की जानकारी दी। परिवार के आने पर उसे सुपुर्द किया जायेगा।



### छत से लटका देख लोगों की लगी भीड़

मकान में युवक के घुसने पर लोगों ने उसे चोर समझ लिया था, आसपास के लोगों को पता चला तो एकत्रित हो गये। युवक छत से लटक गया, इस दौरान आने-जाने वाले भी उसकी हरकत देख रुक गये। क्षेत्र में काफी भीड़ लग गई। जिसके चलते आवागमन भी बाधित हो गया। पुलिस ने 20 से 25 मिनट की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। लोगों का कहना था घर में घुसने के दौरान उसने कपड़े अलग पहने थे। उसने कपड़े बदलकर पकड़ने जाने के डर से छत से कूदने का प्रयास किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com